

RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र

# अमित रेखा

वर्ष 05 | अंक 145 | कुशीनगर | गुरूवार 25 मार्च, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रूपये



## पीएम मोदी ने कांथी में बार–बार किया दीदी का जिक्र, बोले...

# बच्चा–बच्चा जानता है आपका खेला

नई दिल्ली,(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के चुनावी घमासान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पूर्वी मिदनापुर के कांथी में रैली की। इस दौरान उन्होंने बंगाल की ब्ड ममता बनर्जी और ज्ड६ पर जमकर निशाना साधा। साथ ही युवाओं, किसानों और महिला वोटर्स को लुभाने की कोशिश की। मोदी ने कहा कि दीदी के पाप का घड़ा भर चुका है और ज्ड६ को सजा देने के लिए महिलाएं घरों से बाहर निकल चुकी हैं। मोदी ने कहा कि केंद्र से किसानों के लिए आया सम्मान निधि का 3 साल का पैसा ममता दीदी ने रोका, लेकिन भाजपा की सरकार बनी तो हम पूरा पैसा देंगे। मोदी के भाषण की खास बातें 1. युवाओं को लुभाने की कोशिश प्रधानमंत्री ने कहा कि हर क्रांति के समय मेदिनीपुर अग्रणी रहा है। देश आजादी के 75 साल पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आजादी में दिए गए हर योगदान को भावी पीढ़ी तक पहुंचाना भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। आज जो युवा 25 साल की उम्र के हैं और वो युवा इस चुनाव में फर्स्ट टाइम वोटर है उनके लिए भी यह समय बहुत अहम है। मोदी ने कहा कि शोनार बांग्ला का शंखनाद होता हुआ यहां हर कोई सुन रहा है। बंगाल के कोने–कोने से एक ही आवाज आ रही है। बंगाल के हर घर से एक ही आवाज आ रही है। बंगाल के हर मुख से एक ही आवाज आ रही है। दो मोई आछे, दीदी जाछे। दीदी जॉछे, ऑशोल परिवर्तन आछे। 2. ममता बनर्जी पर निशाना, बोले– तृणमूल के पाप का घड़ा भर चुका मोदी ने ब्ड ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि दीदी। ओ दीदी। दीदी आज पश्चिम बंगाल पूछ रहा है कि अंफान की राहत किसने लूटी? गरीब का चावल किसने लूटा? अंफान के सताए लोग आज भी टूटी हुई छत के नीचे जीने को मजबूर क्यों हैं? जब जरूरत होती है तब तो दीदी दिखती नहीं है, लेकिन जब चुनाव आता है कि सरकार द्वारे–द्वारे। यही इनका खेला है। पश्चिम बंगाल...यहां का बच्चा–बच्चा आपका खेला समझ गया है और इसलिए दो मई को पश्चिम बंगाल दीदी को द्वार दिखाएगा। लोकेरा आपणा के डोरजा दिखावे। दीदी। ओ दीदी। अरे दीदी यह तृणमूल के पाप का घड़ा भर चुका है। 3. बंगाल के विकास के बहाने महिला वोटर्स पर फोकस प्रधानमंत्री ने कहा कि माताएं–बहनें टीएमसी को इस चुनाव में सजा देने के लिए बहुत बड़ी संख्या में बाहर निकल चुकी हैं। मैं जहां देख रहा हूं लोग ही लोग नजर आ रहे हैं। मैदान छोटा पड़ गया है। दीदी आप तो सुनती भी नहीं हो। दीदी देख लो ये तस्वीर इस बात की गवाह है। बंगाल की महिलाओं ने तय कर दिया है कि टीएमसी का खेला शेष होवे, बंगाल का विकास आरंभ होवे। बंगाल का विकास। यहां का उज्जवल भविष्य, इसके लिए हम जी–जान से जुट जाएंगे। मैं यहां यही वादा करने आया हूं। 4. ममता के चुनावी इलाके नंदीग्राम की जनता को साधा दीदी आप नंदीग्राम के लोगों को बदनाम कर रही हो। उन पर झूठे आरोप लगा रही हो। दीदी नंदीग्राम के स्वाभिमानी लोग आपको सजा देंगे। तृणमूल को सरोकार है हिंसा, अत्याचार के अंधकार से, तोलाबाजी से। दीदी की तृणमूल ने भ्रष्टाचार दिया। हमारी सरकार शोनार बांग्ला देगी। 5. च्ड बोले– बंगाल को बम–बंदूक और हिंसा से मुक्ति चाहिए मोदी ने कहा कि दीदी के राज में यहां हिंसा और बम धमाकों की खबरें आती हैं। धमाकों से पूरे–पूरे घर उड़ जाते हैं और दीदी की सरकार सिर्फ देखती रहती है। इस स्थिति को हमें मिलकर बदलना होगा। बंगाल को शांति चाहिए, स्थिरता चाहिए, बम–बंदूकों और हिंसा से मुक्ति चाहिए। बंगाल में 8 फेज में चुनाव पश्चिम बंगाल में इस बार 8 फेज में वोटिंग होगी। 294 सीटों वाली विधानसभा के लिए वोटिंग 27 मार्च (30 सीट), 1 अप्रैल (30 सीट), 6 अप्रैल (31 सीट), 10 अप्रैल (44 सीट), 17 अप्रैल (45 सीट), 22 अप्रैल (43 सीट), 26 अप्रैल (36 सीट), 29 अप्रैल (35 सीट) को होनी है।




### देश मना रहा अमृत महोत्सव

उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल के उत्सव में पश्चिम बंगाल का विशेष महत्व है। आजादी की लड़ाई में दिए गए हर योगदान को भावी पीढ़ी तक पहुंचाना भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए पश्चिम बंगाल बीजेपी के संकल्पों का भी अहम केंद्र है। उन्होंने कहा कि आज जो युवा 25 वर्ष के हैं, वो युवा जो आज इस चुनाव में पहली बार अपने पवित्र मत का मतदान देने वाले हैं उनके लिए ये समय बहुत अहम है। यहां के युवाओं पर आने वाले 25 वर्ष के पश्चिम बंगाल का दायित्व है। इसलिए **आसोल परिवर्तन** आज पश्चिम बंगाल की जरूरत है। सोनार बांग्ला का शंखनाद होता हुआ यहां हर कोई सुन रहा है।



**आज की दौड़ती–भागती जिंदगी में हर कोई चाहता है कि वो थोड़ा समय सुकून से बिता सके। लेकिन काम के बोझ की वजह से लोग खुद के लिए समय नहीं निकाल पाते। वहीं, अगर समय निकालते भी हैं तो इस चीज को लेकर हमेशा ही उलझन में रहते हैं कि वो कौन सी जगह हो सकती है, जहां वो सुकून के पल बिता सकते हैं।**

## पीएम मोदी ने इमरान खान को पाकिस्तान दिवस पर दीं शुभकामनाएं, आतंकवाद पर नसीहत भी

नई दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तानी पीएम इमरान खान को पत्र लिख पाकिस्तान दिवस पर बधाई दी है। इस मामले से संबंधित लोगों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक भारतीय प्रधानमंत्री की ओर से प्रत्येक वर्ष ऐसा पत्र पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के नाम लिखा जाता है। पाकिस्तानी पत्रकार मेहर तरार ने यह चिट्ठी ट्वीट की है, जिसमें लिखा है, एक पड़ोसी देश के रूप में, भारत पाकिस्तान के लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों की इच्छा रखता है। इसके लिए, भरोसे का वातावरण, आतंक और शत्रुता से रहित माहौल जरूर है। चिट्ठी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे लिखते हैं।




## मास्क नहीं लगाया तो होगा 400 रुपये तक का जुर्माना

इंदौर,(एजेंसी)। इंदौर में लगातार बढ़ते कोरोना के मामलों को देखते हुए सख्ती भी तेज कर दी गई है। अब जिले में मास्क नहीं लगाने वालों पर 400 रुपये तक का अर्थदण्ड लगाया जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मनीष सिंह ने आदेश जारी किये हैं। इंदौर में कोविड संक्रमण की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए कलेक्टर मनीष सिंह ने पूर्व में 16 मार्च और 20 मार्च को जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों को यथावत रखते हुये धारा–144 के अंतर्गत अतिरिक्त रूप से प्रतिबंधात्मक निर्देश जारी किये हैं। प्रतिबंधात्मक आदेश में बताया गया है कि यह देखने में आ रहा है कि शहर के सार्वजनिक स्थानों पर, दुकानों आदि में लोग मास्क को ठीक से नहीं पहन रहे हैं। मास्क मात्र दिखावे के लिए मुंह के नीचे लटकाकर रखते हैं, जबकि सही उपयोग के तहत मास्क से मुंह एवं नाक दोनों ढंके होना चाहिये। कलेक्टर मनीष सिंह ने नगर निगम इन्दौर, नगर पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी–जनपद पंचायत, सीईओ–कंटेनमेंट एरिया को निर्देश दिये हैं कि मास्क का ठीक ढंग से उपयोग सुनिश्चित कराया जाये। उपरोक्तानुसार मास्क का उपयोग नहीं किए जाने पर संबंधित व्यक्ति का मोबाइल से फोटो लिया जाये।



### केरल में अमित शाह ने भरी हुंकार

# एसडीएफ और यूडीएफ सरकारों ने राज्य को बना दिया भ्रष्टाचार का अड्डा

नई दिल्ली,(एजेंसी)। बीजेपी केरल विधानसभा चुनाव में अपना सिक्का जमाने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है। चुनाव प्रचार के लिए बुधवार को केरल के कंजिरापल्ली पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए एलडीएफ और यूडीएफ पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा एलडीएफ और यूडीएफ सरकारों ने केरल को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। जब यूडीएफ सत्ता में आई तो सोलर लाइट घोटाला हुआ और एलडीएफ के कार्यकाल के दौरान, डोनल और गोल्ड स्कैम हुए। उन्होंने कहा– केरल में दो बार बाढ़ आई और 500 से अधिक लोगों ने अपनी जान गंवाई। ऐसे में लेफ्ट की सरकार हमारी सेना को केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए बहुत देर से बुलाती है। उन्हें केरल के लोगों के जीवन की परवाह नहीं है। केरल विधानसभा चुनाव में पहले चरण के लिए 6 अप्रैल से मतदान होने हैं। बता दें कि यहां बीजेपी के लिए मुश्किलें कम नहीं हैं। केरल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी को हाल ही में बड़ा झटका लगा है। केरल विधानसभा चुनाव में एनडीए के तीन उम्मीदवारों का नामांकन रद्द हो गया है। रिटर्सनिंग अधिकारियों ने थालास्सेरी विधानसभा सीट, गुरुवायुर सीट और देवीकुलम सीट से एनडीए के उम्मीदवारों के नामांकन को रिजेक्ट कर दिया है। इंडिया टुडे की खबर के मुताबिक, थालास्सेरी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार और पार्टी के कन्नूर के अध्यक्ष एन हरिदास के नामांकन फॉर्म को रिजेक्ट कर दिया गया है। रिटर्निंग अधिकारी ने कथित तौर पर यह कहते हुए नामांकन को खारिज कर दिया कि उम्मीदवार एन हरिदास द्वारा प्रस्तुत किए गए फॉर्म में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा के हस्ताक्षर नहीं थे।




## दिल्ली में फिर घुसना पड़ेगा और बैरिकेड तोड़ने होंगे: राकेश टिकैत

जयपुर,(एजेंसी)। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसान महापंचायत को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले इन्होंने जाति में बांटा, धर्म में बांटा लेकिन अब हम किसान भाई बंटने वाले नहीं हैं। इस दौरान किसान नेता राकेश टिकैत ने किसानों से अपील की कि आप अपने टैक्टर लेकर, जब आपको बताया जाए दिल्ली चलना पड़ेगा। दिल्ली की बैरिकेडिंग फिर तोड़नी पड़ेगी। अपनी फसल को विधानसभा, कलेक्ट्रेट और संसद में फसल बेचनी पड़ेगी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि कहीं पर भी आप अपनी फसल बेच सकते हो। उन्होंने कहा कि हम कहीं पर बेच के दिखाएंगे, मंडी के बाहर बेच कर दिखाएंगे, जो भारत सरकार का रेट है उस पर बेचकर दिखाएंगे। संसद में बेचकर दिखाएंगे। संसद से अच्छी मंडी नहीं हो सकती है। 3.5 लाख ट्रैक्टर दिल्ली में पहले गए थे और फिर से ट्रैक्टर जाएंगे। उन्होंने किसानों से कहा कि जिस दिन संयुक्त मोर्चा तारीख देगा, आपकी जिम्मेदारी होगी कि राजस्थान की तरफ से आप दिल्ली को घेरो। दिल्ली घिर चुकी है। पूरे देश में आंदोलन शुरू हो चुका है। आपको जागना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र के तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का आंदोलन नवंबर मध्य से जारी है।



## राहुल गांधी पर सुप्रीम कोर्ट में चले अवमानना का केस? बोले अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल

नई दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। अटार्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने वकील विनीत जिंदल की उस मांग को ठुकरा दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने की इजाजत दी जाए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की अवमानना के कानून की धारा 15 और नियमावली के नियम 3 के तहत अवमानना की कार्रवाई के लिए सर्वोच्च न्यायालय या सॉलिसिटर जनरल की सहमति आवश्यक होती है। दरअसल, वकील विनीत जिंदल ने अटार्नी जनरल (एजी) केके वेणुगोपाल को एक पत्र लिखकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता ने भारतीय न्यायपालिका के खिलाफ और उसकी गरिमा धूमिल करने वाली टिप्पणियां की हैं। हालांकि, वेणुगोपाल ने जिंदल की मांग पर यह कहते हुए असहमति जताई कि राहुल गांधी ने न्यायपालिका पर ष्सामान्यष बयान दिया था और विशेष रूप से सर्वोच्च न्यायालय या न्यायाधीशों को टारगेट नहीं किया था। मेरी सहमति देने का सवाल ही नहीं उठता। किसी भी घटना में, मेरी राय है कि विचाराधीन बयान जनता के नजरिए से संस्था के अधिकार को कमतर बताते हैं। जिंदल ने पत्र में राहुल के हालिया इंटरव्यू का हवाला भी दिया है जिसमें कांग्रेस नेता ने कहा था, श्इस देश में एक कानूनी तंत्र है जिसमें हर किसी को अपनी आवाज उठाने की 100 फीसद आजादी है।

# घर पर ही मनानी होगी होली

### दिल्ली, मुंबई, यूपी, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों ने जारी कीं गाइडलाइंस



नई दिल्ली,(एजेंसी)। कोरोना की दूसरी लहर के कहर के चलते होली के रंग में भी भंग पड़ता दिख रहा है। समाज का पर्व कहे जाने वाले होली को भी इस बार समूह में मनाने से बचना होगा। दिल्ली, मुंबई, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों और शहरों में प्रशासन ने होली को लेकर गाइडलाइंस जारी की हैं। ऐसे में त्योहार मनाने के साथ ही इन गाइडलाइंस का ध्यान भी रखना होगा ताकि रंग में भंग की स्थिति न पैदा हो। दिल्ली सरकार ने मंगलवार को ही आदेश दिया है कि सार्वजनिक जगहों पर होली समेत दूसरे आयोजन मनाने पर रोक रहेगी। डीडीएमए ने अपने आदेश में कहा है कि दिल्ली में कोरोना के केसों में लगातार इजाफा हो रहा है और सार्वजनिक जगहों पर उत्सव मनाने के लिए लोगों के जमा होने से कोरोना के फैलाव का खतरा बढ़ जाएगा। ऐसे में यह फैसला लिया जा रहा है कि सार्वजनिक जगहों पर होली समेत दूसरे आयोजन मनाने पर रोक रहेगी। डीडीएमए ने जिला प्रशासन, पुलिस और संबंधित अथॉरिटी को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि कोरोना के बढ़ते खतरे को देखते हुए सार्वजनिक जगहों पर उत्सव मनाने के लिए लोगों को जमा नहीं होने दिया जाए। इसके साथ ही स्क्रीनिंग, टेस्टिंग, आइसोलेशन और सर्विलांस के नियमों का सख्ती से पालन करने का आदेश जारी किया गया है। यही नहीं नवरात्रि और शब–ए–बारात जैसे पर्वों को भी सार्वजनिक तौर पर न मनाने की हिदायत दी गई है। इसके अलावा बीएमसी ने भी मुंबई में सार्वजनिक तौर पर होली मनाने पर रोक का आदेश दिया है। बीएमसी ने मंगलवार को घोषणा की कि 28 और 29 मार्च को निजी एवं सार्वजनिक स्थानों पर होली मनाने की अनुमति नहीं होगी।

# कृष्णा और कृणाल के पहले मैच में धमाल से भारत ने इंग्लैंड को हराया

पुणे। अंतरराष्ट्रीय एक दिवसीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले कृणाल पंड्या और प्रसिद्ध कृष्णा के शानदार प्रदर्शन की से भारत ने पहले मैच में इंग्लैंड को 66 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में बढत बना ली। खराब फॉर्म के कारण दबाव में चल रहे शिखर धवन के 98 रन और कृणाल के आक्रामक अर्धशतक की मदद से भारत ने पांच विकेट पर 317 रन बनाये। कृणाल ने 31 गेंद में नाबाद 58 रन बनाये जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण पर किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज अर्धशतक है। जवाब में इंग्लैंड की शुरूआत बेहद अच्छी रही लेकिन पहला विकेट गिरने के बाद टीम संभल ही नहीं सकी और 42 .1 ओवर में 251 रन पर आउट हो गई। कृष्णा ने 54 रन देकर चार विकेट लिये जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण पर किसी भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इंग्लैंड का स्कोर 15वें ओवर में बिना किसी नुकसान के 135 रन था लेकिन कृष्णा और शारदुल ठाकुर ने मैच की तस्वीर ही बदल दी। ठाकुर ने 37 रन देकर तीन विकेट लिये। इंग्लैंड के लिये जॉनी बेयरस्टॉ ने 55 गेंद में 94 रन बनाये और जैसन रॉय ने 35 गेंद में 46 रन जोड़कर उम्दा शुरूआत की। कृष्णा ने पहले तीन ओवर में 37 रन दिये लेकिन बाद में बेहतरीन वापसी करते हुए इंग्लैंड की पारी की कमर तोड़ दी। इससे पहले भारत के लिये धवन और विराट कोहली ने दूसरे विकेट के लिये 105 रन की साझेदारी की। इसके बाद कृणाल और के एल राहुल ने नाबाद साझेदारी करके 57 गेंद में 112 रन जोड़े। कोहली ने 60 गेंद में 56 जबकि राहुल ने 43 गेंद में नाबाद 62 रन बनाये। कृणाल 31 गेंद में 58 रन बनाकर




नाबाद रहे। धवन ने 106 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के जड़े जबकि कृणाल ने सात चौके और दो छक्के लगाये। टी20 श्रृंखला में लय हासिल करने के लिये जूझते रहे राहुल ने भी खुलकर खेला।

## संक्षिप्त



### साझेदारी तोड़ने और 'हिट द डेक' के तौर पर अपनी पहचान बनाना चाहते है प्रसिद्ध कृष्णा

पुणे। इंग्लैड के खिलाफ अपने पदार्पण मैच के शुरूआती ओवरों में रन लुटाने के बाद शानदार वापसी करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि वह ऐसे गेंदबाज के तौर पर पहचान बनाना चाहते है जो साझेदारी तोडने और गेंद को 'हिट द डेक (पिच पर तेजी से टप्पा खिलाने)' के लिए जाना जाए। कृष्णा ने 8.1 ओवर में 54 रन देकर चार विकेट झटक कर भारतीय टीम को मंगलवार को यहां 66 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण पर किसी भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कर्नाटक के इस 25 साल के गेंदबाज के खिलाफ जेसन रॉय (46) और जॉनी बेयरस्टॉ (94) ने आक्रामक रूख अख्तियार किया जिससे उन्होंने शुरूआती तीन ओवरों में 37 रन लुटा दिये। उन्होंने हालांकि रॉय को आउट कर इसका बदला लिया। कृष्णा ने मैच के बाद कहा, '' मुझे अच्छी शुरूआत नहीं मिली। उन्होंने मेरे खिलाफ आक्रामक रूख अख्तियार किया क्योंकि मैंने खराब गेंदबाजी की, लेकिन मुझे खुद पर भरोसा था। हमने एक साथ कई विकेट चटकाये जिससे टीम को फायदा हुआ।'' उन्होंने कहा, '' शुरूआती तीन ओवरों के बाद मैं समझ गया था कि गेंद को आगे टप्पा नहीं खिला सकता। इसके बाद मैंने गेंद को बल्लेबाजों की पहुंच से दूर टप्पा खिलाना शुरू किया और गेंद ने अपना काम किया।'' कृष्णा ने विजय हजारे ट्राफी में सात मैचों में 24.5 की औसत से 14 विकेट लिये थे। वह इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स का प्रतिनिधित्व करते है। उन्होंने कहा कि आईपीएल से मुझे मदद मिली। मैं 'हिट द डेक' गेंदबाज के तौर पर पहचान बनाना चाहता हूं जो टीम की जरूरत के मुताबिक साझेदारी तोड़ सके।

### BCCI की नई पहल, 75 से ज्यादा मैच खेलने वालों के लिए दूसरे स्तर की कोचिंग जारी

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक नयी पहल में प्रथम श्रेणी के 75 से अधिक मैच खेलने वाले क्रिकेटरों के लिए दूसरे स्तर के दो फास्ट ट्रैक पाठ्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें एल बालाजी, रॉबिन उथप्पा और वर्तमान चयनकर्ता देबाशीष मोहंती जैसे मौजूदा और पूर्व खिलाड़ी शामिल हुए। इस पाठ्यक्रम के पहले चरण को कोविड–19 महामारी के कारण ऑनलाइन आयोजित किया गया था जबकि दूसरे चरण का आयोजन राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में 16 से 19 मार्च तक किया गया। इसमेंभारत के पूर्व खिलाड़ी ऋषिकेश कानितकर, अभिनव मुकुंद, रमेश पोवार, पूर्व चयनकर्ता सरनदीप सिंह, वसीम जाफर और विनय कुमार भी शामिल हुए। इस पाठ्यक्रम में 'कौशल सुधारने, तेज गेंदबाजी की तकनीकी पहलू, स्पिन गेंदबाजी, बल्लेबाजी, विकेट कीपिंग, के साथ साथ सामाजिक एवं व्यक्तिगत क्षमता का निर्माण और वीडियो विश्लेषण शामिल था।'' बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने यहां जारी बयान में कहा, ''प्रथम श्रेणी और अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट के अनुभव के साथ हमारे खेल की तकनीकी और रणनीतिक पेचीदगियों की समझ एक कोच जरूरी है।'' उन्होंने कहा, '' मेरा मानना घ्है कि हमारे पास दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ कोचिंग प्रतिभाएं हैं और एनसीए द्वारा संचालित इन पाठ्यक्रमों से न केवल उन लोगों को बहुत फायदा होगा जिन्होंने इसमें भाग लिया है, बल्कि इन कोचों द्वारा प्रशिक्षित होने वाले अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों को भी फायदा होगा।'' बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, '' बीसीसीआई ने हमेशा अपने कोचों केविकास का समर्थन किया है और यह पाठ्यक्रम उसी का उदाहरण है। पूर्व और वर्तमान क्रिकेटरों को खुद को कोच के रूप में आगे बढ़ाने के लिए इस अवसर का लाभ उठाते हुए देखना खुशी की बात है।

### रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ प्रति डॉलर 72.43 पर बंद हुआ

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले विश्व की अन्य प्रमुख मुद्राओं में कमजोरी के रुख के अनुरूप विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपये का आरंभिक लाभ लुप्त हो गया और कारोबार के अंत में यह छह पैसे की गिरावट दर्शाता 72.43 (प्रारंभिक आंकड़ा) पर बंद हुआ। हालांकि, कच्चे तेल की घटती कीमतों और शेयर बाजार में तेजी के रुख से स्थानीय मुद्रा को कुछ समर्थन मिला और गिरावट पर अंकुश लगा। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा बाजार में रुपया 72.37 प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान, इसने 72.27 –उच्च और 72.45 के निम्न स्तर को छुआ। अंत में स्थानीय मुद्रा की विनिमय दर पिछले बंद की तुलना में छह पैसे की गिरावट के साथ प्रति डालर 72.43 पर बंद हुई। पिछले सत्र में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 72. 37 पर बंद हुआ था।विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं में डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक, 0.42 प्रतिशत बढ़कर 92. 12 हो गया। इस बीच, वैश्विक तेल बाजार का मानक माने जाने वाला ब्रेंट क्रूड वायदा 3.03 प्रतिशत गिरकर 62.66 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रह गया। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक 280.15 अंक बढ़कर 50,051.44 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक सोमवार को पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने 786.98 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की।

### सेंसेक्स 280 अंक चढ़ा , निफ्टी 14,800 के स्तर से ऊपर निकला

मुंबई। वैश्विक बाजारों में नरमी के रुख के विपरीत स्थानीय बाजारों में मंगलवार को सुधार दिखा और बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का सेंसेक्स 280 अंक चढ़ गया। सूचकांक में बड़ा स्थान रखने वाले शेयरों एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

## लॉकडाउन का एक साल: बदल गई खेलों की दुनिया

कोविड–19 ने भारतीय खेलों की दुनिया भी बदल दी है।ठीक एक साल पहले भारत ही नहीं विश्व स्तर पर खेलों पर कोविड–19 महामारी का प्रकोप पड़ा था जिससे खेलों की चमक फीकी पड़ गयी।



नयी दिल्ली। दर्शकों के बिना मैचों का आयोजन, अभ्यास की बदली परिस्थितियां तथा जैव सुरक्षित वातावरण यानि बायो बबल पिछले एक साल में खेलों के अभिन्न अंग बन गये क्योंकि कोविड–19 और उसके बाद लगाये गये लॉकडाउन के कारण विश्व ही नहीं भारतीय खेलों का परिदृश्य भी बदल गया है। ठीक एक साल पहले भारत ही नहीं विश्व स्तर पर खेलों पर कोविड–19 महामारी का प्रकोप पड़ा था जिससे खेलों की चमक फीकी पड़ गयी। शुरुआती महीनों में तो अचानक ही सब कुछ बंद हो गया। दुनिया में कहीं भी खेल गतिविधियां नहीं चली। खिलाड़ी हॉस्टल के अपने कमरों या घरों तक सीमित रहे और उन्हें यहां तक कि अभ्यास का मौका भी नहीं मिला। ओलंपिक सहित कई बड़ी खेल प्रतियोगिताएं स्थगित या रद्द कर दी गयी। लेकिन खेल और खिलाड़ियों को आखिर कब तक बांधे रखा जा सकता था। डर और अनिश्चितता के माहौल के बीच विश्व स्तर पर खेलों की शुरुआत हुई और भारतीय खेलों ने भी धीरे धीरे ढर्रे पर लौटने के प्रयास शुरू किये। क्रिकेट ने सबसे पहले शुरुआत की। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से भारतीय खेलों का आगाज हुआ लेकिन यह टूर्नामेंट भारत में नहीं बल्कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में कड़े जैव सुरक्षित वातावरण में खेला गया। आईपीएल शुरू होने से पहले कोविड–19 के कुछ मामले सामने आ गये लेकिन जब टूर्नामेंट शुरू हुआ तो फिर इसका सफलतापूर्वक समापन भी हुआ और इससे यह पता चल गया कि महामारी के बीच बड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन कैसे करना है। यह अलग बात थी कि कई चीजें बदल गयी थी। जैसे गेंद पर लार नहीं लगायी जा सकती थी, टॉस के समय दोनों कप्तान आपस में हाथ नहीं मिला सकते थे, श्रृंखला के दौरान खिलाड़ी होटल से बाहर नहीं जा सकते और सबसे महत्वपूर्ण मैच खाली स्टेडियमों में खेले जाने लगे।

## शरजील खान को दक्षिण अफ्रीकी दौरे से पहले फिट होने की उम्मीद

*शार्जील को दक्षिण अफ्रीकी दौरे से पहले फिट होने की उम्मीद है। शार्जील को दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे दौरे के लिये पाकिस्तानी टी20 टीम में चुना गया है। टीम 28 मार्च को जोहानिसबर्ग रवाना होगी।*



कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड भले ही शार्जील खान की फिटनेस को लेकर चिंतित है लेकिन इस सलामी बल्लेबाज ने विश्वास जताया है कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली श्रृंखला से पूर्व पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। शार्जील को बताया गया है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली टी20 श्रृंखला से एक दिन पहले नौ अप्रैल तक अपनी फिटनेस साबित करने पर ही उन्हें अंतिम एकादश में शामिल करने पर विचार किया जाएगा। शार्जील ने पत्रकारों से कहा, ''मैं पिछले छह दृ सात महीने से घरेलू सत्र में शीर्ष स्तर की क्रिकेट खेल रहा हूं। मैंने लगभग आठ प्रथम श्रेणी मैच खेले। इसके अलावा घरेलू स्तर और पाकिस्तान सुपर लीग में लिस्ट ए और टी20 मैच भी खेले हैं। '' उन्होंने कहा, ''मुझे पूरा विश्वास है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जब मैच शुरू होंगे तब तक मेरी फिटनेस बेहतर हो जाएगी। लेकिन मैं अनफिट नहीं हूं। मैं फिट हूं। यही वजह है कि मैं पिछले सात महीने से लगातार खेल रहा हूं। मुझे नहीं लगता कि मेरी फिटनेस कोई मुद्दा है। '' शार्जील को दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे दौरे के लिये पाकिस्तानी टी20 टीम में चुना गया है। टीम 28 मार्च को जोहानिसबर्ग रवाना होगी। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने कहा, ''शार्जील को निजी ट्रेनर दिया गया है और बल्लेबाजी कोच यूनिस खान स्वयं उन पर निगरानी रखे हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला से पहले इस सलामी बल्लेबाज की फिटनेस सुधारने के लिये सभी तरह के प्रयास किये जा रहे हैं। '' शार्जील को पाकिस्तान सुपर लीग में अच्छे प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तानी टीम में चुना गया लेकिन कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने यह कहकर इस पर सवाल उठाये कि उनकी फिटनेस अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के स्तर की नहीं है।

## रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ प्रति डॉलर 72.43 पर बंद हुआ

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले विश्व की अन्य प्रमुख मुद्राओं में कमजोरी के रुख के अनुरूप विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपये का आरंभिक लाभ लुप्त हो गया और कारोबार के अंत में यह छह पैसे की गिरावट दर्शाता 72.43 (प्रारंभिक आंकड़ा) पर बंद हुआ। हालांकि, कच्चे तेल की घटती कीमतों और शेयर बाजार में तेजी के रुख से स्थानीय मुद्रा को कुछ समर्थन मिला और गिरावट पर अंकुश लगा। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा बाजार में रुपया 72. 37 प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान, इसने 72.27 –उच्च और 72.45 के निम्न स्तर को छुआ। अंत में स्थानीय मुद्रा की विनिमय दर पिछले बंद की तुलना में छह पैसे की गिरावट के साथ प्रति डालर 72.43 पर बंद हुई। पिछले सत्र में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 72.37 पर बंद हुआ था।विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं में डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक, 0.42 प्रतिशत बढ़कर 92.12 हो गया। इस बीच, वैश्विक तेल बाजार का मानक माने जाने वाला ब्रेंट क्रूड वायदा 3.03 प्रतिशत गिरकर 62.66 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रह गया। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक 280.15 अंक बढ़कर 50,051.44 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक सोमवार को पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने 786.98 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की।



## सेंसेक्स 280 अंक चढ़ा , निफ्टी 14,800 के स्तर से ऊपर निकला



मुंबई। वैश्विक बाजारों में नरमी के रुख के विपरीत स्थानीय बाजारों में मंगलवार को सुधार दिखा और बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का सेंसेक्स 280 अंक चढ़ गया। सूचकांक में बड़ा स्थान रखने वाले शेयरों एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। बीएसई का 30 कंपनी शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 280.15 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 50,051.44 अंक पर बंद हुआ। वहीं व्यापक आधार वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (निफ्टी) 78.35 अंक यानी 0. 53 प्रतिशत बढ़कर 14,814.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे अधिक करीब तीन प्रतिशत ऊंचा रहा। इसके साथ ही इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक,एचडीएफसी बैंक, टाइटन, एक्सिस बैंक, स्टेट बैंक और मारुति के शेयर भी बढ़त लेकर बंद हुये। इसके विपरीत ओएनजीसी, पावरग्रिड, आईटीसी, एनओपीसी, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा और एचडीएफसी के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। रिलायंस सिक्युरिटीज के रणनीतिक प्रमुख बिनोद मोदी ने कहा कि वित्तीय कंपनियों के शेयरों में समर्थन मिलने से बाजार में तेजी का रुख रहा। एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई, हांग कांग, टोक्यो और सिओल के बाजारों में गिरावट दिखी वहीं, यूरोपीय शेयर बाजारों में प्रारंभिक रुझान नरम थे। वैश्विक बाजार में ब्रेंट कच्चा तेल का भाव 3.53 प्रतिशत नीचे रहकर 62.34 डालर प्रति बैरल पर बोला जा रहा था।

## सम्पादकीय........

### दिलचस्प हो गया है असम चुनाव

देश के पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव की गहमागहमी चल रही है. बंगाल और केरल के साथ ही असम चुनाव पर भी लोगों की नजर है. चुनावी विश्लेषक असम में भाजपा को मजबूत बता रहे थे, लेकिन कांग्रेस की सक्रियता और सोची–समझी रणनीति के तहत उठाये जा रहे कदमों से अब वहां भी मामला बराबर का दिखाई देने लगा है. शुरुआती धारणाओं के विपरीत कांग्रेस ने असम चुनाव में भाजपा के सामने कड़ी चुनौती खड़ी कर दी है. भाजपा को हेमंत बिस्वा सरमा के प्रभाव और उससे भी ज्यादा मुस्लिम विरोधी सांप्रदायिक कार्ड पर पूरा भरोसा था. उसे यह भी लगता था कि हेमंता के कांग्रेस छोड़ देने के बाद कांग्रेस संगठन चरमरा गयी है. शुरुआत में ऐसा नजर भी आ रहा था. लेकिन, आज असम की तस्वीर भिन्न है. अब कांग्रेसी खेमे में हर दिन जीत की रणनीति पर बात हो रही है. आश्चर्यजनक रूप से कांग्रेस कार्यकर्ता विधानसभा सीटों पर बूथ तक सक्रिय हो गये हैं. कांग्रेस ने जो गठबंधन किया है, वह भाजपा के लिए परेशानी का सबब बन गया है. बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआइयूडीएफ से गठबंधन के बाद कांग्रेस की सीटों में इजाफा होने के संकेत हैं. बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) से हुए समझौते का लाभ भी कांग्रेस को मिलेगा. यह पहले भाजपा के साथ था. कांग्रेस ने अपने चुनावी वादों को गारंटी कहा है. इनमें सीएए लागू नहीं करने की गारंटी के अलावा हर गृहिणी को प्रतिमाह 2000 रुपये, पांच लाख सरकारी नौकरियां, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली की घोषणा है, जिससे हर घर में लगभग 14 सौ रुपये प्रतिमाह की बचत हो सकेगी. इनमें सबसे बड़ी गारंटी चाय बागान मजदूरों को प्रतिदिन 365 रुपये मजदूरी देने की है. कांग्रेस नये–नये दांव खेल रही है, स्वाभाविक ही उससे बीजेपी खेमे में चिंता है. भाजपा असम में शुरू से ही सांप्रदायिक कार्ड खेल रही थी. कांग्रेस उससे अलग हट कर गंभीर मसले उठा रही है. फिलहाल, भाजपा के पास कोई ढंग का उत्तर या जनता के लिए ऑफर नहीं है, सो उसके नेता अब सीधे एआइयूडीएफ पर हल्ला बोल रहे हैं. भाजपा नेताओं में अमित शाह से लेकर जेपी नड्डा और शिवराज सिंह चौहान तक एआइयूडीएफ विरोधी उन्मादी बयान दे रहे हैं. यह नेता आज एआइयूडीएफ को सांप्रदायिक कह रहे हैं, लेकिन इसी भाजपा ने असम के नगांव विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय निकाय चुनाव में एआइयूडीएफ के साथ समझौता किया था. शिवसेना तो उनकी पुरानी साथी थी ही और तब वह सांप्रदायिक भी नहीं थी. कांग्रेस खेमे का कहना है कि भाजपा आज असम में सरकार बनाने की लालसा लिये जिस रास्ते पर चल रही है, उसने असम की पहचान, असमिया संस्कृति को ही खतरे में डाल दी है. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि कांग्रेस असम के उस विचार की हिफाजत करने का वादा करती है, जिसमें संस्कृति, भाषा, परंपरा, इतिहास और सोचने का तरीका समाहित है. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने मीडिया से कहा कि आप जानते हैं कि भाजपा और आरएसएस संपूर्ण भारत और असम की विविधतापूर्ण संस्कृति पर हमले कर रहे हैं. हम इसकी रक्षा करेंगे. उन्होंने लोगों से कहा कि पार्टी के चुनावी घोषणा–पत्र में कांग्रेस का चुनाव चिह्न जरूर बना है, लेकिन असल में यह आम जनता का घोषणा पत्र है. उनके शब्द थे 'इसमें असम के लोगों की आकांक्षाएं समाहित हैं. ' असम में अब न तो नरेंद्र मोदी, न अमित शाह, न जेपी नड्डा और न सर्बानंद सोनोवाल सीएए की बात कर रहे हैं.

## आज का राशिफल

मेष :– योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। कुछ नई योजनाओं हेतु मन उत्साहित होगा। अपने अंदर कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे।

बृषभ :– व्यवसाय में नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। प्रगति के नए रास्ते खुलते नजर आएंगे। राजकीय कर्मचारियों के लिए नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

मिथुन :– अपने अन्दर धैर्य व वाणी में मधुरता लावें। शंकाएं संबंधों मे कटुता पैदा करेंगी। संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार है।

कर्क :– किसी नए संबंध के प्रति निकटता बढ़ेगी उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

सिंह :– अपने आस–पास के वातावरण में अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। शासन–सत्ता के दिशा में केन्द्रित ब्यक्तियों के लिए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

कन्या :– कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। कुछ पुरानी अवरोधित कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। समस्याओं के बादल छडते नजर आएंगे।

तुला :– बहुत दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं। राजनीतिज्ञो के लिए ग्रहो का सहयोग प्राप्त होगा।

वृश्चिक :– प्रियजनों का सनिध्य प्राप्त होगा। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव। माता के स्वास्थ के प्रति सचेत रहें। महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में अत्यधिक ब्यय के योग है।

धनु :– पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। गुप्त बिरोधियों से सतर्कता अपेक्षित है। नए संबंधों से आप मे नए उत्साह का संचार होगा। मांगलिक कायरे हेतु प्रयत्न सार्थक होंगे।

मकर :– कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। परिवार में अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बेगा। मन सुन्दर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। सुन्दर आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार बनेंगे।

कुंभ :– महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव। नकारात्मक चिन्ताओ को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। जीवन साथी का भावनात्मक सहयोग प्राप्त होगा। ब्यस्तता बढ़ेगी।

मीन :– महत्वपूर्ण कायां को कल पर न टालें। कार्य क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। नवीन कायरे मे रुचि बढ़ेगी।

# कोरोना की नयी लहर और शिक्षा व्यवस्था

**–राजेश माहेश्वरी**

*कोरोना वायरस फैलने के बाद डिजिटल साधनों तक पहुंच में बड़ी असमानता भारत में शिक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। प्राथमिक हो माध्यमिक या उच्च शिक्षा, छात्रों का पठन पाठन बुरी तरह से प्रभावित है। विभिन्न शिक्षण संस्थान ऑनलाइन ही छात्रों को नोट्स, असाइनमेंट आदि उपलब्ध करा रहे हैं। साथ ही साथ उनके अभिवावकों से भी बात की जा रही है जिस से छात्रों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो। कुछ अन्य सरकारी यूनिवर्सिटीज ने भी ऑनलाइन पढ़ाई के लिए जरूरी इंतजाम किए हैं। फिर भी छोटे शहरों में स्थित संस्थानों का बुरा हाल है। चुनिंदा शहरी स्कूलों के ऑनलाइन क्लासेज कराने और इनकी पहुंच सीमित होने के चलते शिक्षाविदों को हर तरह के आर्थिक–सामाजिक पृष्ठभूमि वाले बच्चों के लिए पढ़ाई के इनोवेटिव तरीकों को ढूंढने की चुनौती पैदा हो गई है।*

देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा डराने लगा है। कई राज्यों में तो हालात ज्यादा खराब स्थिति में है। वहीं कुछ राज्यों ने एहतियात के तौर पर लॉकडाउन, रात्रि कर्फ्यू और अन्य उपायों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। कोरोना से लड़ते–लड़ते एक वर्ष का समय व्यतीत हो गया है। इस बीच देशवासियों ने कोरोना से बचने की कला तो सीखी ही है, वहीं देश में दो स्वदेशी वैक्सीन भी विकसित हो चुकी हैं। स्वदेशी वैक्सीन से देशभर में टीकाकरण अभियान जारी है। उद्योग जगत, सामाजिक आर्थिक क्षेत्र के साथ एक अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र इस वायरस से बुरी तरह प्रभावित हो रहा है वो है शिक्षा का। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सरकार, शिक्षण संस्थानों और तमाम दूसरी संस्थाओं एवं एजेंसियों ने कोरोना संकट के बीच भी शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर बनाये रखने के लिये बड़ी मशक्कत की है। कोरोना की नयी लहर के दस्तक देते ही विभिन्न राज्यों ने शिक्षण संस्थानों को बंद करने के निर्देश दिये हैं। ऐसे में छात्रों और अभिभावकों के लिये नये सिरे से परेशानी शुरू हो गयी है। भारत में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की तादाद 33 करोड़ है. भारत की कुल जनसंख्या का 19.29 फीसदी हिस्सा 6–14 की उम्र के बीच के बच्चे हैं जो शिक्षा के अधिकार के तहत कानूनी रूप से शिक्षा के हकदार हैं। लेकिन कोरोना की नयी लहर से माहौल में चिंता घुल गयी है। अभिभावक भी बच्चों को स्कूल भेजना तो चाहते हैं, लेकिन बदले हालात में ऐसा संभव नहीं दिख रहा। वहीं कई परिवारों के लिए स्कूल सिर्फ पढ़ाई करने की जगह नहीं हैं, वे उससे कुछ ज्यादा हैं। कई सरकारी स्कूल बच्चों को खाना खिलाते हैं और उनकी सुरक्षा समेत उन तक सरकारी सुविधाओं के पहुंचने का माध्यम हैं। स्कूल बंद होने के लगभग 9.12 करोड़ भारतीय बच्चों को मिड–डे की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इस महामारी के कारण पूरी दुनिया में 73 प्रतिशत युवाओं की पढ़ाई में बाधा आई है। कोरोना वायरस फैलने के बाद डिजिटल साधनों तक पहुंच में बड़ी असमानता भारत में शिक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। प्राथमिक हो माध्यमिक या उच्च शिक्षा, छात्रों का पठन



पाठन बुरी तरह से प्रभावित है। विभिन्न शिक्षण संस्थान ऑनलाइन ही छात्रों को नोट्स, असाइनमेंट आदि उपलब्ध करा रहे हैं। साथ ही साथ उनके अभिवावकों से भी बात की जा रही है जिस से छात्रों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो। कुछ अन्य सरकारी यूनिवर्सिटीज ने भी ऑनलाइन पढ़ाई के लिए जरूरी इंतजाम किए हैं। फिर भी छोटे शहरों में स्थित संस्थानों का बुरा हाल है। चुनिंदा शहरी स्कूलों के ऑनलाइन क्लासेज कराने और इनकी पहुंच सीमित होने के चलते शिक्षाविदों को हर तरह के आर्थिक–सामाजिक पृष्ठभूमि वाले बच्चों के लिए पढ़ाई के इनोवेटिव तरीकों को ढूंढने की चुनौती पैदा हो गई है। भारत जैसे युवा देश जिसमें छात्रों की संख्या इतनी अधिक हो यह स्थिति चिंता जनक हैं। उच्च शिक्षा पर इसके प्रभाव को लगभग हर हिस्से में देखा जा सकता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा ही एक ऐसा सशक्त माध्यम बनी जिसके सहारे बच्चों की पढ़ाई सुचारु रही। बच्चे घर में सुरक्षित रहें और पढ़ाई भी होती रही। कुछ बड़े संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएम, प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों एवम् अन्य ने ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली का इस्तेमाल कर अपने छात्रों को सहयोग करने की पूरी कोशिश की है परन्तु ऐसे संस्थान गिनती भर के ही हैं। अगर विशेषज्ञों ने इस व्यवस्था का सुझाव व संचालन नहीं शुरू किया होता तो शायद छात्रों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ता। शिक्षकों ने इस प्रणाली को सफल बनाने में बहुत मेहनत की। बच्चों के लिए वीडियो तैयार करना उसे ग्रुप पर शेयर करना आदि बहुत से कार्य किए। कोरोना संकट के दौर में शैक्षणिक संस्थानों के आगे जो चुनौती है उसमें ऑनलाइन एक स्वाभाविक विकल्प है। ऐसे समय में विद्यार्थियों से जुड़ना समय की जरूरत है, लेकिन इस व्यवस्था को कक्षाओं में आमने–सामने दी जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विकल्प बताना भारत के भविष्य के लिए अन्यायपूर्ण है। एक और महत्वपूर्ण विषय है कि जो छात्र पहले खुल कर रहते थे, विभिन्न गतिविधियों जैसे खेल आदि मनोरंजन में अपने सहपाठियों के साथ खुलकर भाग लेते थे, आज वो छात्र अपने घरों में कैद है, सामाजिक दूरी बना रहे हैं। ऐसे में अगर ये लॉक डाउन और बढ़ा तो ये छात्र मानसिक तनाव में आ सकते हैं, वहीं टीवी लैपटॉप, मोबाइल का अधिक उपयोग भी उनकी मानसिक स्थिति पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। मानसिक अवसाद की ऐसी अवस्था से छात्रों को बचाने के लिए मनोवैज्ञानिकों को आगे आना चाहिए एवम् उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। छोटे बच्चों को कंप्यूटर और लैपटॉप के सामने देर तक बैठने में बहुत दिक्कत हो रही है। बच्चे अकड़ जाते हैं और बोरियत से भर जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक कोरोना संक्रमण का प्रभाव कम होते ही स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई कराई जाए क्योंकि ज्यादा दिन तक ऑनलाइन शिक्षा से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के अलावा सामाजिक जीवन पर भी व्यापक असर पड़ेगा। ज्यादा दिन तक छात्र व शिक्षक की दूरी से जो गुरु शिष्य के मधुर संबंध होते हैं वह प्रभावित होंगे। पिछले कुछ महीनों में शिक्षण संस्थान शर्तों के साथ खुले भी थे, लेकिन कोरोना की नयी लहर के चलते फिर एक बार शिक्षण संस्थानों के दरवाजे छात्रों के बंद होते दिख रहे हैं। भारत सरकार के प्रोग्राम स्वयं को भी रौशनी मिली। यहां कक्षा 9वीं से लेकर स्नातकोत्तर तक पढ़ने के लिए सामग्री है। कोई भी मुफ्त में इसका लाभ उठा सकता है। एमएचआरडी ने ऐसे 19 अलग–अलग मंच तैयार किये हैं जहां सीखा–पढ़ा जा सकता है। ये अच्छी कोशिश है। पर हमारे देश में डिजिटल लर्निंग की आधारिक संरचना के स्तर को सुधारने के लिए बहुत काम करना होगा। हालांकि इस ऑनलाइन पढ़ाई से उन अभिभावकों पर असर पड़ा जिनके पास संसाधनों की कमी है। जो उच्च तकनीक का मोबाइल नहीं खरीद पा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र जहां बिजली व नेटवर्क की कमी कमी रही वहां के बच्चों को पढ़ने में परेशानी का सामना करना पड़ा। फिर भी यह व्यवस्था वर्तमान परिस्थिति के हिसाब से सबसे उचित है। चूंकि देश में कोरोना नये सिरे से सिर उठाने लगा है, ऐसे में छात्र और अभिभावक भविष्य को चिंतित दिखाई देते हैं। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार, संस्थान, समाज, इंडस्ट्री लीडर्स एवं स्वयं छात्रों को मिल जुल कर सभी छात्रों की समस्याओं को दूर करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करना होगा, परीक्षाओं का विकल्प तलाशने होंगे, ऑनलाइन प्रोजेक्ट्स, असाइनमेंट्स अच्छे विकल्प साबित हो सकते हैं, इंडस्ट्रीज को आगे आना चाहिए एवम् छात्रों को प्लेसमेंट, प्रोजेक्ट्स इंटर्नशिप आदि देकर उन्हें तनाव से बाहर ला सकते हैं। अभिवावकों की भी जिम्मेदारी है कि वो इस मुश्किल वक्त में अपने बच्चो का मनोबल बढ़ाते उन्हें सकारात्मकता के लिए प्रेरित करे। देखिये शिक्षण संस्थान एक–न–एक दिन दोबारा से नार्मल रूटीन में आ ही जाएंगे। बच्चों का सीखना–पढ़ना वगैरह जो भी है, सब शुरू हो जाएगा। तब तक परेशान होकर घबराइये नहीं। घबराहट में अक्सर हम सकारात्मक दृष्टि खो देते हैं और सबसे बुरी स्थिति पर सारा ध्यान केन्द्रित हो जाता है। फिर हम मूर्खतापूर्ण कदम उठा लेते हैं। कई बार यह विनाशकारी भी हो सकता है। वहीं शैक्षिक संस्थानों को यूरोप, दक्षिण कोरिया और चीन के अनुभवों से सीखना चाहिए। सबकी समझदारी और सर्तकता से ही कोरोना पर नियंत्रण हो पाएगा। –लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

# डेमोक्रेसी से ऑटोक्रेसी की राह पर मुल्क

**राजू पाण्डेय**

हाल ही में अलग–अलग देशों की अनेक स्वतंत्र संस्थाओं ने भारतीय लोकतंत्र में आ रहे घातक और नकारात्मक बदलावों की ओर संकेत किया है। हमारी सरकार, सत्तारूढ़ दल की आईटी सेल, सरकार समर्थक ट्रोल समूह और सोशल मीडिया पर सक्रिय दिखाई देने वाला खासा बड़ा नागरिक समुदाय सब के सब समवेत रूप से वैश्विक मान्यता रखने वाली इन प्रतिष्ठित संस्थाओं के आकलन को न केवल सिरे से खारिज कर रहे हैं बल्कि इसे एक षड्यंत्र के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं जो नए भारत की प्रगति से घबराई हुई विश्व शक्तियों द्वारा रचा गया है। सरकार और सरकार समर्थकों की यह आक्रामक,अतिरंजित और असहिष्णुतापूर्ण प्रतिक्रिया ही इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण है हम डेमोक्रेसी से इलेक्टोरल ऑटोक्रेसी में तब्दील हो चुके हैं जहां असहमति और आलोचना को बर्दाश्त नहीं किया जाता और इसे राष्ट्र विरोधी गतिविधि की संज्ञा दी जाती है। स्वीडन के वी डेम इंस्टीट्यूट ने बताया है कि वह विगत वर्ष ही भारत को इलेक्टोरल ऑटोक्रेसी का दर्जा देने वाला था किंतु आंकड़ों की पर्याप्त उपलब्धता के अभाव में उसने ऐसा नहीं किया। वी डेम की रिपोर्ट में भारत पिछले वर्ष की तुलना में सात स्थानों की गिरावट के साथ कुल 180 देशों में 97वें स्थान पर है। श्ऑटोक्रेटाइजेशन टर्न्स वायरलश शीर्षक रिपोर्ट में यह संस्थान भारत को थर्ड वेव ऑफ ऑटोक्रेटाइजेशन के अंतर्गत आने वाले देशों में शामिल करता हैं। ब्राजिल, भारत, टर्की और अमेरिका जैसे देश इस बदलाव का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जहां सरकारें मीडिया, अकादमिक संस्थाओं और सिविल सोसाइटी पर हमलावर हो रही हैं। समाज का ध्रुवीकरण किया जा रहा है। विरोधियों के अनादर और गलत सूचनाओं के प्रसार की प्रवृत्ति बढ़ी है। भारत का लिबरल डेमोक्रेसी स्कोर 2013 के .57 से घटकर 2020 में .34 रह गया है। रिपोर्ट बताती है कि नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने से पूर्व भारत में मीडिया की स्वतंत्रता संबंधी स्कोर कुल संभावित 4 अंक में 3.5 रहा करता था जो 2020 में घटकर 1.5 रह गया है। रिपोर्ट सरकार द्वारा राजद्रोह कानून, आतंकवाद निरोधक कानून और मानहानि संबंधी प्रावधानों के दुरूपयोग की ओर संकेत करती है और बताती है कि बीजेपी के सत्ता में आने के बाद 7000 लोगों पर राजद्रोह का मुकदमा लगाया गया है जिनमें से अधिकांश सरकार के आलोचक हैं। इसी माह अमेरिकी सरकार द्वारा वित्त पोषित एनजीओ फ्रीडम हाउस ने भारत का दर्जा स्वतंत्र से घटाकर आंशिक स्वतंत्र कर दिया है और इसके लिए सत्ता की नीतियों से असहमति रखने वाले मीडिया कर्मियों, विद्वानों, सिविल सोसाइटी समूहों तथा प्रदर्शनकारियों के सरकार द्वारा दमन को उत्तरदायी बताया है। हमारा स्कोर विगत वर्ष के 71ध100 से घटकर 67ध100 हो गया है। फ्रीडम हाउस की रिपोर्ट के अनुसार नरेन्द्र मोदी के 2019 में दुबारा सत्ता में आने के बाद राजनीतिक अधिकारों, नागरिक आजादी और न्यायपालिका की स्वतंत्रता में गिरावट देखी गई है। दोनों ही रिपोर्ट्स अपने–अपने स्रोतों से तैयार की गई हैं और हमारे लोकतंत्र में आ रही गिरावट की ओर संकेत करती हैं। किंतु जो बात इन रिपोर्टों में व्यापकता के साथ नहीं आ पाई है वह यह है कि इस निरंकुशता और बहुसंख्यक धार्मिक समुदाय के वर्चस्व के दर्शन को समाज का एक भाग स्वीकार कर रहा है तथा हिंसक प्रतिशोध को सामाजिक स्वीकृति मिल रही है। यह स्थिति उस तानाशाही से अधिक खतरनाक है जहां कोई एक क्रूर शासक अपनी सैन्य शक्ति के बल पर जनता पर अपनी मनमर्जी चलाता है क्योंकि तब यह आशा अवश्य उपस्थित होती है कि पीड़ित और असंतुष्ट जनता कभी न कभी विद्रोही तेवर अपनाएगी और तानाशाह का अंत होगा। किंतु हमारे देश में विचारधारा विशेष के समर्थकों में निरंकुशता, हिंसा, प्रतिशोध, असहिष्णुता और एकाधिकार की भावना का इस प्रकार बीजारोपण कर दिया गया है कि वे आत्मघाती दस्ते की भांति कार्य कर रहे हैं। विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया सभी में धीरे–धीरे धर्म आधारित संकीर्ण राष्ट्रवाद के समर्थकों को स्थान मिलता जा रहा है। लोगों को धीरे–धीरे यह समझाया जा रहा है कि एक अच्छा लोकतंत्र एक कमजोर राष्ट्र बनाता है, अपने अधिकारों की मांग करने वाले नागरिक सच्चे राष्ट्रभक्त नहीं हैं बल्कि वे नागरिक आदर्श माने जा सकते हैं जो अपने कर्तव्य का पालन करते हैं। किंतु संवैधानिक कर्तव्यों के स्थान पर राजसत्ता की इच्छा को कर्तव्यों के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। देश में बहुसंख्यक वर्ग के वर्चस्व के दर्शन का विस्तार हम संसद की कार्य प्रणाली में देखते हैं जहां अनेक संवेदनशील और महत्वपूर्ण कानूनों के निर्माण के दौरान विपक्ष की पूर्णतरू अवहेलना की गई। चाहे वह सीएए का मसला हो या धारा 370 के कतिपय प्रावधानों को अप्रभावी बनाने की बात हो या हाल के तीन कृषि कानून हों सरकार का रवैया संवाद और परिचर्चा को नकार कर बहुमत की दादागिरी दिखाने का रहा है। संविधान और न्याय प्रणाली पर सीधे आक्रमण करने का साहस अभी वर्तमान सत्ता के पास नहीं है। इसलिए धर्म आधारित संकीर्ण राष्ट्रवाद के समर्थक आम जनता को उस मानसिकता की ओर धीरे–धीरे ले जा रहे हैं जिसमें प्रवेश करने के बाद संविधान उसे अनावश्यक लगने लगेगा। गो रक्षकों की मॉब लिंचिंग, हॉनर किलिंग की घटनाएं, बलात्कारियों के एनकाउंटर की मांग आदि प्रवृत्तियां यह दर्शाती हैं कि समाज को ऐसे हिंसक प्रतिशोध का अभ्यस्त बनाया जा रहा है जो संविधान और कानून द्वारा पूर्णतरू अस्वीकार्य है। आश्चर्य है कि उत्तरप्रदेश जैसे राज्य के मुखिया एनकाउंटर कल्चर को अपनी प्रशासनिक मजबूती के सर्वश्रेष्ठ प्रमाण के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं और मध्य प्रदेश एवं बिहार के जनप्रतिनिधियों द्वारा सार्वजनिक रूप से अपराध नियंत्रण के इस एनकाउंटर मॉडल को अपने प्रदेश में अपनाने की मांग की जा रही है। भोजन–आवास–चिकित्सा–शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में सरकार की नाकामी से उपजे जनाक्रोश को काल्पनिक शत्रुओं की ओर धकेला जा रहा है और आपस में ही लड़ने और मरने मारने पर उतारू एक कबीलाई समाज अस्तित्व में आ रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से सवर्ण समुदाय और मध्य वर्ग को लगातार यह बताया जा रहा है कि उसकी बदहाली के लिए कथित रूप से शत्रु देश के प्रति वफादार अल्पसंख्यक, काल्पनिक घुसपैठिये और आरक्षण का लाभ उठा रहे अयोग्य और मुफ्तखोर दलित–आदिवासी जिम्मेदार हैं। यह सवर्ण वर्ग अभी भी हमारी राजनीतिक व्यवस्था और प्रशासन तंत्र में गहरी पकड़ रखता है। लोकतंत्र पर धर्म के बढ़ते प्रभाव का सबसे बड़ा खामियाजा महिलाओं और वंचित समाज को उठाना पड़ रहा है। बहुसंख्यक वर्ग को अतीतजीवी बनाया जा रहा है। उसे समझाया जा रहा है कि उसकी शांतिप्रियता और सहिष्णुता के कारण ही तथाकथित रूप से सदियों तक उसका अन्य धर्मावलंबियों ने शोषण किया और अब उसे हिंसक और आक्रामक बनना होगा। हमारे लोकतंत्र के स्थायित्व और इसकी सफलता के पीछे हमारे स्वाधीनता संग्राम की अहिंसक और सर्व समावेशी प्रकृति का सबसे बड़ा योगदान रहा है। हमारे बहुधार्मिक, बहुजातीय, बहुभाषिक देश की एकता और अखंडता अक्षुण्ण रही है तो इसका सबसे बड़ा कारण हमारे स्वाधीनता संग्राम के दौरान रखी गई वह सशक्त बुनियाद है जिसमें धर्म निरपेक्षता, सहिष्णुता और समानता जैसी विशेषताएं रची–बसी हैं। यही कारण है कि उग्र दक्षिणपंथी शक्तियां स्वाधीनता आंदोलन और उसके नायकों को खारिज करने, उन्हें महत्वहीन बनाने अथवा इनके साम्प्रदायिक हिंसक पाठ तैयार करने की जबरदस्त कोशिश कर रही हैं. आज के मीडिया निर्मित नायक की आभासी विशेषताएं कुछ इस तरह गढ़ी गई हैं कि एक जननेता से तानाशाह तक का सफर बहुत जल्दी तय किया जा सके। यह नायक बहुसंख्यक वर्ग के वर्चस्व का हिमायती है और अपने धार्मिक एजेंडे को छिपाता नहीं है बल्कि उस पर गर्व करता है। भारतीय लोकतंत्र की अब तक की विशेषताओं यथा धर्मनिरपेक्षता, अल्पसंख्यक वर्ग का सम्मान एवं संरक्षण, वैदेशिक मामलों में तटस्थता की नीति, आत्म रक्षार्थ सैन्य प्रयोग और विस्तारवाद के निषेध को यह नायक कमजोरी के रूप में प्रस्तुत करता है।



# सेलिब्रिटी कुकिंग शो में नजर आएंगी करीना कपूर!

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान अपने दूसरे बेटे की डिलीवरी के एक महीने बाद ही काम पर लौट आई हैं। बीते दिन वह मुंबई के एक स्टूडियो में, एक सेलिब्रिटी कुकिंग शो की शूटिंग में देखी गई। इसी बीच करीना ने शो कीअनदेखी तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह अपनी गर्लगैंग के साथ इंजॉय करते दिख रही हैं। करीना कपूर ने इस फोटो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है, जिसमें वह तान्या घावरी, योगा इंस्ट्रक्टर अंशुका परवानी और शिबानी माधवलाल सत्यानी के साथ दिख रही हैं। करीना ने इस फोटो को शेयर करते हुए कई फनी स्टिकर शेयर किया है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए करीना ने लिखा है,श गुड लाइफश। फोटो में करीना ब्लू फ्लोरल ड्रेस में नजर आ रही हैं। खबरों का मानें तो करीना एक आगामी डिस्कवरी. शो की शूटिंग की हैं, इस शो का नाम है श्ैजंत अे थ्ववकश इस शो में सेलिब्रिटीज अपने चाहने वालों के लिए और अपने घर वालों के लिए कुकिंग करते हुए दिखाई देगें। करीना भी इस शो का हिस्सा बनेंगी। अपने दूसरे बेटे की वजह से हैं चर्चा में 21 फरवरी 2021 को सैफ अली खान और करीना कपूर खान ने अपने घर नये मेहमान का स्वागत किया है। यह कपल पहले से ही चार वर्षीय तैमूर अली खान के माता–पिता भी हैं, अभी तक अपने छोटे बेटे के नाम या चेहरे का खुलासा नहीं कर पाए हैं। दरअसल करीना और सैफ के पहले बेटे तैमूर का नाम काफी विवादों में रहा था। ऐसे में यह कपल अभी इस बारें किसी से कोई बात नहीं किया है।

## ‘सीरियल किसर’ के नाम से मशहूर हैं इमरान हाशमी, किसिंग सीन देखने के बाद पत्नी ने किया था ऐसा हाल




बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता इमरान हाशमी का जन्म 24 मार्च साल 1979 को मुंबई में हुआ था। उनका पूरा नाम सैयद इमरान अनवर हाशमी है। इमरान हाशमी ने बॉलीवुड की कई शानदार फिल्मों में और कलाकारों के साथ काम किया है। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता इमरान हाशमी का जन्म 24 मार्च साल 1979 को मुंबई में हुआ था। उनका पूरा नाम सैयद इमरान अनवर हाशमी है। इमरान हाशमी ने बॉलीवुड की कई शानदार फिल्मों में और कलाकारों के साथ काम किया है। फिल्मों में उनके किरदार हमेशा से चर्चा में रहे हैं। यही वजह है जो इमरान हाशमी अपने अलग–अलग किरदारों के लिए जाने जाते हैं। इमरान हाशमी ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत विक्रम भट्ट की फिल्म फुटपाथ से साल 2003 में की थी। इस फिल्म में उनके अभिनय और किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। फिल्म फुटपाथ के बाद इमरान हाशमी ने मर्डर, गैंगस्टर, मर्डर 2, आवारपन, द डर्टी पिक्चर, जन्नत और वंस अपॉन टाइम इन मुंबई सहित कई शानदार फिल्मों में काम किया। इन सभी फिल्मों में इमरान हाशमी ने अपने अलग अभिनय से बॉलीवुड में खास पहचान बनाई। इमरान हाशमी बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं जिन्हें श्सीरियल किसरश कहा जाता है। वह अब तक की अपनी ज्यादातर फिल्मों में बोल्ड और किसिंग सीन करने की वजह से काफी सुर्खियां बटोरी चुके हैं। इमरान हाशमी यह भी बता चुके हैं कि एक बार उनके बोल्ड और किसिंग सीन को देखने के बाद उनकी पत्नी परवीन ने कैसा रिएक्शन दिया था। अंग्रेजी वेबसाइट हिंदुस्तान टाइम्स की खबर के अनुसार इमरान हाशमी ने साल 2014 में टॉक शो कॉफी विद करण में अपनी पत्नी के बारे में कई हैरान कर देने वाले खुलासे किए थे। इमरान हाशमी ने खुलासा किया था कि परवीन ने फिल्म मर्डर में उनके लव मेकिंग सीन पर कैसी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा कि परवीन उनके इस तरह के सीन से बिल्कुल अनजान थीं। इमरान हाशमी ने बताया कि जब वह पत्नी के साथ सिनेमाहॉल में फिल्म देख रहे थे तो परवीन ने अपने नाखूनों से इमरान के हाथों को खोद डाला था। फिल्म खत्म होने के बाद अभिनेता के हाथ पर कई नाखून के निशान थे। इमरान हाशमी ने कहा, श्पहली सीट पर मेरी पत्नी ने अपने नाखूनों को मेरे हाथ को खोद रखा था जैसे वह कहना चाह रही थीं कि श्तुमने क्या किया है। तुमने मुझे इसके लिए तैयार नहीं किया है। तुम क्या कर रहे हो क्योंकि यह बॉलीवुड नहीं हैश। जब मैंने हाथ देखा तो वह काफी जख्मी था... मेरे हाथ से खून बह रहा था। साल 2012 में इमरान हाशमी ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत करते हुए फिल्मों में अपने लव मेकिंग सीन को लेकर कहा था, श्मैं अपने सीन के बारे में पत्नी को नहीं बताता हूं। मैं उन्हें उन फिल्मों के बारे में बताता हूं जो मैं कर रहा हूं। वह इसके बारे में विस्तार से नहीं सुनती हैं। वह फिल्मों की शौकीन हैं लेकिन वह ग्लैमर में नहीं फंसती हैं। उनका अपना जीवन है। उन्हें सीन परेशाना कर सकते हैं लेकिन वह समझती है कि यह मेरी पेशेवर आवश्यकता है। इसलिए वह दखल नहीं देती हैं।



## ”जर्सी“ को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर आया शाहिद कपूर का कमेंट, कहा– अब प्रेशर बढ़ गया

67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की घोषणा सोमवार की मंत्रालय द्वारा की गयी।बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया है। 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की घोषणा सोमवार की मंत्रालय द्वारा की गयी।बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया है। रनौत को यह पुरस्कार ”मणिकर्णिका“ और ”पंगा“ में भूमिका के लिए दिया गया। वहीं, मनोज वाजपेयी को ”भोंसले“ और धनुष को ”असुरन“ में शानदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया है। तेलुगु फिल्म ”जर्सी“ को दो राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। पुरस्कार मिलने के बाद मिलने के बाद इसकी हिंदी रीमेक में काम करने वाले बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर पर ”अतिरिक्त दबाव“ बन गया है। सोमवार को घोषित किए गए 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में ”जर्सी“ को तेलुगु की सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया था। इस फिल्म के संपादन के लिए नवीन नूली को सर्वश्रेष्ठ संपादन का पुरस्कार भी मिला था। कपूर इसके हिंदी रीमेक में मुख्य भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सोमवार को ट्वीट कर फिल्म की टीम को बधाई दी। कपूर ने लिखा, ”पूरी टीम को बहुत बधाई। अतिरिक्त दबाव के लिए धन्यवाद।“ फिल्म की हिंदी रीमेक पांच नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शाहिद कपूर की जर्सी एक ऐसे क्रिकेटर की कहानी को दिखाता है, जो भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल होकर, 30 के की उम्र में क्रिकेट खेलने के लिए लौटता है। यह इसी नाम की 2019 की तेलुगु फिल्म की रीमेक है। गौतम तिन्ननुरी द्वारा निर्देशित, फिल्म को 28 अगस्त को रिलीज के लिए स्लेट किया गया था। हालांकि, यह कोरोनोवायरस महामारी के कारण आगे बढ़ा दी गयी थी।फिल्म इस साल दीवाली पर रिलीज होगी। फिल्म में शाहिद कपूर के पिता पंकज कपूर को भी उनके गुरु के रूप में दिखाया जाएगा। आपको बता दें कि निर्देशक प्रियदर्शन की मलयालम फिल्म ”मरक्कररू अरबिकाडालिन्ते सिंहम“ को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म और संजय पूरन सिंह चौहान को हिंदी फिल्म ”बहत्तर हूरें“ के लिए सर्वोत्तम निर्देशक का पुरस्कार दिया गया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार निर्णायक मंडल के प्रमुख एन चंद्रा ने कहा कि उन्होंने फिल्मों को पुरस्कार देने का निर्णय ”भगवान के तौर पर नहीं बल्कि अभिभावक के तौर पर“ लिया। दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म ”छिछोरे“ को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म के पुरस्कार के लिए चुना गया। सामाजिक फिल्मों की श्रेणी में मराठी फिल्म ”आनंदी गोपाल“ को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया। राष्ट्रीय एकता के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार ”ताजमहल“ को दिया गया और सबसे अधिक लोकप्रिय तथा सर्वाधिक मनोरंजक फिल्म की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार तेलुगु फिल्म ”महर्षि“ को दिया गया। पहली फिल्म का इंदिरा गांधी पुरस्कार मलयाली फिल्म हेलेन को दिया गया, जिसका निर्देशन एम. जेवियर ने किया है।

## गाउन में दिखा सनी लियोनी का ग्लैमरस अंदाज



एक्ट्रेस सनी लियोनी इंस्टाग्राम पर आज किसी सेंसेशन से कम नहीं हैं। आए दिन सनी लियोनी अपनी अदाओं और खूबसूरती से भरी तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड कर फैन्स के दिलों की धड़कनें बढ़ाती रहती हैं। एक बार फिर सनी लियोनी ने गाउन में अपनी तस्वीरें फैन्स के साथ साझा की हैं, जिनमें वो बला की हसीन नजर आ रहीं हैं।



# वैक्सीन के बाद कैसी हो आपकी डाइट?

कोरोना वायरस अभी भी लोगों के लिए आफत बना हुआ है। वायरस की रोकथाम के लिए लगातार काम जिए जा रहे हैं लेकिन अभी भी लोगों को इससे छुटकारा नहीं मिल पाया है। देखा जाए तो लोगों में भी इस वायरस का डर निकलता जा रहा है। आप कहीं भी देख लीजिए लोग बिना मास्क के, बिना हैंड सेनिटाइजर लिए और बिना किसी सोशल डिस्टेंसिंग अपनाएं इधर उधर घूम रहे हैं। भारत के साथ–साथ तमाम देशों में इसकी वैक्सीनेशन का अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि वैक्सीन के साइड इफैक्ट्स भी नजर आ रहे हैं। चक्कर आना, मन खराब होना, हल्का बुखार होना या फिर बॉडी दर्द होने जैसी समस्या भी हो रही है। इसलिए जरूरी है कि आप जब भी वैक्सीन लगवा कर आएं तो अपनी डाइट में कुछ ऐसी चीजें शामिल करें जिससे आपकी बॉडी को अंदर से मजबूती मिले।

वैक्सीन के बाद कैसी हो डाइट

1 मार्च से वैक्सीनेशन का दूसरा चरण शुरू हो चुका है और इनमें आम जन को भी टीका लगाया जा रहा है। वहीं अगर आप टीका लगवा कर आ रहे हैं तो इस बात को जरूर दिमाग में बिठा लें कि आप की डाइट सही होनी चाहिए क्योंकि डॉक्टर्स की मानें तो वैक्सीन के बाद आपमें हल्के साइड इफैक्ट नजर आ सकते हैं इसलिए जरूरी है कि आप अपनी डाइट ऐसी रखें जिससे आपके शरीर को ताकत मिले।

वैक्सीन के बाद बॉडी में होती है इन्फ्लेमेशन

कोरोना वैक्सीन के बाद लोगों में इसके साइड इफेक्ट साफ देखने को मिल रहे हैं। इसका अनुभव किसी को भी हो सकता है और किसी में भी वैक्सीन के साइड इफैक्ट देखने को मिल सकते हैं। वैक्सीन के बाद बॉडी इन्फ्लेमेशन भी महसूस करती है यानि यह वो प्रक्रिया होती है जिसमें बॉडी में प्रोटीन की मात्रा बढ़ जाती है और फिर आपकी बॉडी बढ़े हुए इन्फेक्शन से लड़ने में काम करती है। इसलिए बुखार, बाजूओं में दर्द, शरीर में दर्द होने लगता है जो इस चीज का संकेत देता है कि आपका इम्यून सिस्टम किसी चीज से लड़ रहा है।

अब आपको बताते हैं कि आपका वैक्सीन लगवाने के बाद खान–पान कैसा होना चाहिए।

ऐसे आहार करें डाइट में शामिल

विशेषज्ञों की मानें तो लोगों को इस दौरान ऐसे आहार अपने डाइट में शामिल करने चाहिए जिसमें ज्यादा से ज्यादा पानी हो। पानी और तरल पदार्थ हमारी बॉडी के लिए वैसे भी काफी लाभदायक होते हैं। बात अगर वैक्सीन लगवाने के बाद की करें तो अगर आप चाहते हैं कि आप कोरोना वैक्सीन के बाद जल्द ही रिकवर हो जाएं तो जरूरी है कि आप अपनी डाइट में ऐसे फूड्स शामिल करें जिसमें ज्यादा से ज्यादा पानी हो।

सूप है आपके लिए बढ़िया


चाहे गर्मी का मौसम है लेकिन अगर आपक ठीक महसूस नहीं कर रहे हैं या फिर आपका शरीर लो महूसूस कर रहा है तो आप डाइट में सूप लें। आप डाइट में सब्जियों वाला सूप या फिर चिकन सूप एड कर सकते हैं। आप सूप में काले, बीन्स, दालें, ब्रोकोली एड करें इससे आपके शरीर को काफी फायदे होंगे।

अगर वैक्सीन के बाद कुछ खाने का मन न करे तो?

कईं बार ऐसा भी होता है कि वैक्सीन के बाद लोगों को कुछ खाने का मन नहीं करता है ऐसे में हो सके तो आप बोन ब्रोथ का एक कप पीलें इससे आपके शरीर को काफी ताकत मिलेगी। बोन ब्रोथ एक तरह का सूप ही होता है।



# रोने पर भी क्यों नहीं निकलते नवजात के आंसू? क्या है आंसू नली में रुकावट?






जब लोग किसी चीज को लेकर भावुक या दुखी होते हैं तो आंखों से आंसू निकल जाते हैं। मगर, आंसू की जरूरत सिर्फ रोने ही नहीं, बहुत से कार्यों के लिए होती है। रोना सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद है। आंसू ना सिर्फ आंखों की सतह को नम रखते हैं बल्कि उन्हें साफ भी करते हैं। मगर, कई बार आंसू नली में खराबी के कारण वो बाहर नहीं आ पाते या बार–बार आंखों से पानी आने लगता है। आज हम आपको यही बताएंगे कि आंसू नली में रुकावट की समस्या क्या होती है और इसे कैसे दूर किया जाए...

आंसू नली में रूकावट होना क्या है?

आंसू आंखों के बीच मौजूद एक छोटी सी ट्यूब में होते हैं, जिसके जरिए वो भावुक परिस्थिति में बाहर आ जाते हैं। मगर, कभी–कभी ये ट्यूब संकुचित या बंद होने के कारण आंसू बाहर नहीं आ पाते हैं। ऐसे में आंख में मौजूद एक्स्ट्रा तरल से आंखों से बार–बार पानी आने लगता है। साथ ही इससे कई तरह की समस्याएं होने लगती है।

आंसू नली में रुकावट के लक्षण

. आंखों में लालपन या पस निकलना
. बार–बार इंफेक्शन होना
. धुंधलापन
. बार–बार पानी निकलना
. आंखों में बार–बार सूजन व भारीपन
. अंदरूनी कोने में दर्दनाक सूजन
. आंखों में जलन या सूखापन
. पलकों पर पपड़ी जमना

आंसू नली में रुकावट के कारण

1. आंख में ट्यूमर, नाक के मांस बढ़ना, कंजेक्टिवाइटिस, नाक पर चोट लगने के कारण आंसू नली में रुकावट आ सकती है।

2. उम्र से संबंधित समस्याएं या खोपड़ी का सही तरीके से विकास ना होने पानी के कारण भी इस समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

3. इसके अलावा नाक में इंफेक्शन, साइनस, चेहरे व खोपड़ी का सही विकास न होने के कारण भी आंसू नली में रुकावट आ सकती है।

रोने पर भी क्यों नहीं निकलते शिशु के आंसू?

दरअसल, भ्रूण के शरीर में एक नसोलेक्रीमल डक्ट नाम की झिल्ली होती है। जन्म के समय अगर शिशु की ये झिल्ली ना खुल पाए तो अश्रु नलिकाएं बंद हो जाती है। आंसू लाने वाली पाइपलाइन का सही से विकास ना हो पाने की वजह से शिशु की आंखों में आंसू नहीं आ पाते हैं। ऐसे में जब शिशु रोता है तो उनकी आंखों में सिर्फ नमी होती है। आमतौर पर आंसू नली का विकास में 3 महीने तक हो जाता है लेकिन ऐसा ना हो तो डॉक्टर से चेकअप करवा लें। अगर पाइपलाइन ना खुल पाए तो शिशु को बार बार साइनस, नाक में इंफेक्शन की समस्या रहती है।

आंसू नली में रुकावट का इलाज

1. ट्रीटमेंट के लिए सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि आंसू नली में रुकावट किस कारण हुई है। अगर इसका कारण ट्यूमर है तो डॉक्टर सर्जरी या ट्यूमर को छोटा करने की सलाह देंगे।

2. वहीं, इंफेक्शन या किसी वजह से आंसू नली बंद होने पर एक्सपर्ट ड्राप से एंटीबायोटिक दवाइयां देते हैं।

3. बच्चों में इलाज करवाने की जरूरत नहीं क्योंकि यह समस्या 2–3 महीने में खुद ब खुद ठीक हो जाती है। साथ ही बच्चे की आंख के किनारों पर दिन में 2 बार हल्के हाथों से मसाज करें। इससे अतिरिक्त तरल पदार्थ का स्राव होता है और आंसू नली के टिशू खुल जाते हैं।

4. एक मुलायम व साफ कपड़े को गुनगुने पानी में भिगोकर बच्चों की आंखों की सिकांई करें। आंसू नली निचली पलकों व नाक के बीच स्थित में मौजूद होती है।

आंखें शरीर का सबसे नाजुक व जरूरी हिस्सा है। आपकी जरा–सी लापरवाही के कारण इन्हें नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में आंखों की सही देखभाल करना बहुत जरूरी है।







# यहां 1,000 में बिकती है चाय की प्याली, जानिए क्या है वजह

कई लोग सुबह की शुरुआत चाय की चुस्की लेकर करते हैं। इससे उनकी काम करने की शक्ति बढ़ने के साथ वे दिनभर फ्रेश महसूस करते हैं। कई लोग घर के अलावा कार्यक्षेत्र व अन्य जगहों पर भी इसका मजदा लेना पसंद करते हैं। बात हम चाय के रेट की करें तो आमतौर पर हर कोई 10 या 20 रुपये कहेगा। मगर क्या आपने कभी 1,000 रुपये की चाय पी है। सुनने में शायद आपको अजीब लगेगा। मगर असल में, कोलकाता में एक ऐसा ही चाय वाला है जो किसी होटल नहीं बल्कि चाय की टपरी लगाकर ही 1000 रुपये की चाय बेच रहे हैं। तो चलिए जानते हैं इस चाय के बारे में विस्तार से...

इसलिए 1,000 रुपए की चाय

बात इस चाय की खासियत की करें तो इस चाय का नाम श्ठव स्ंलश है। 1 किलो चाय पत्तियों की कीमत करीब 3 लाख रुपए है। ऐसे में इतनी महंगी होने के कारण इसका एक प्याला 1,000 रुपए में बिकता है।

कोलकाता के मुकुंदपुर में मिलती है यह चाय

आपको यह महंगी चाय पीने का मौका कोलकाता के मुकुंदपुर में मिलेगा। इस टी स्टॉल को चलाने वाले प्रथा प्रतिम गांगुली हैं। अलग–अलग तरह की चाय पीने के शौकीन गांगुली ने 2014 में खुद का टी स्टॉल खोलने का सोचा। फिर उन्होंने अपनी नौकरी छोड़कर श्निर्जाष टी स्टॉलश नाम की दुकान खोली।

अलग–अलग फ्लेवर की चाय

यहां पर अलग–अलग तरह की 100 खास चाय मिलती है। बात चाय की वैरायटी की करें तो हर्बल टी, वेंडर टी, ओकेटी टी, वाइन टी, ब्लू टिशियन टी , तुलसी जिंजर टी, हिबिस्कस टी, तीस्ता वैली टी, मकईबारी टी, रूबिएस टी, सिल्वर नीडल व्हाइट टी आदि अलग–अलग तरह की चाय बिकती है। मगर लोगों द्वारा सबसे अधिक ठव–स्ंल पसंद की जाती है।

लोगों को चाय आ रही खूब पसंद

गांगुली ने भले ही अपने नौकरी छोड़कर चाय का काम शुरु किया था। मगर इससे उन्हें फायदा ही मिला। लोगों को उनकी अलग–अलग चाय का स्वाद बेहद पसंद आया।

# होली के बाद भी स्किन और बाल नहीं होंगे खराब, जरूर ट्राई करें ये खास टिप्स





रंगों का त्योहार होली आने वाली है। इसे लेकर लोग खूब तैयारियां कर रहे हैं। हां कोरोना के कारण आप इसे अपने फ्रेंड्स के साथ तो नहीं मना सकते लेकिन इस त्योहार का लुत्फ आप अपनी फेमिली के साथ तो ले ही सकते हैं। होली एक ऐसा त्योहार जिसका इंतजार सभी करते हैं। खूब मस्ती होती है लेकिन असल में समस्या तब आती हैं जब रंगों के कारण या तो हमारी स्किन खराब हो जाती है या फिर हमारे बालों पर इसका असर होने लगता है। आप चाहे होली के लिए जितने भी नेचुरल रंगों का इस्तेमाल क्यों न करें लेकिन कईं बार होली के बाद चेहरा डल पड़ा जाता है, ड्राई हो जाता है और पूरे चेहरे पर छोटे–छोटे दाने भी हो जाते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप अभी से इसके कुछ खास टिप्स जान लीजिए ताकि होली के बाद आपको कोई समस्या न हो।

होली खेलने से पहले अपनाएं ये टिप्स

1. बालों की मसाज

होली खेलने जा रही हैं तो बालों पर ऑयलिंग जरूर कर लें क्योंकि अगर आप रूखे बाल लेकर होली खेलेंगी तो आपको बालों में से रंग आसानी से नहीं जाएगा। इसलिए जरूरी है कि आप अच्छे से बालों में ऑयलिंग करें ताकि आपके बालों पर रंग का कोई असर न हो। मसाज के लिए आप कोई भी ऑयल यूज कर लें लेकिन अगर आप नारियल ऑयल का इस्तेमाल करेंगी तो बेस्ट रहेगा।

2. होंठों का यूं रखें ख्याल

होली के रंगों को उतारना सबसे मुश्किल काम होता है। कईं बार तो रंग इतने पक्के होते हैं कि उतरते ही नहीं है। ऐसे में आप होली खेलने से पहले होंठों पर पेट्रोलियम जेली लगाएं। आप चाहे तो हाथों पर और पैरों पर इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे नाखूनों पर और होंठों पर रंग नहीं चड़ेगा।

3. ऐसे रखें चेहरे का ख्याल

होली का त्योहार लोग सुबह से ही मनाना शुरू कर देते हैं ऐसे में पूरा दिन आपके चेहरे पर धूप पड़ती है और धूप के कारण चेहरा डल भी हो जाता है और टेनिंग की समस्या भी हो जाती है। इसलिए जरूरू है कि आप होली खेलने से पहले चेहरे पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर कर लें ताकि एक तो धूप से आपका बचाव हो सके और दूसरा रंगों का इफेक्ट भी आपकी स्किन पर न पड़े।

4. इस तरीके से करें नाखूनों का बचाव

कईं बार लड़कियां यह गलती कर देती हैं कि होली खेलने से पहले नेल पेंट उतार देती हैं लेकिन आपको होली खेलने से पहले नेल पेंट उतारनी नहीं है बल्कि इसे लगाना है ताकि आपके नाखूनों में रंग चड़े। क्योंकि कईं बार ऐसा होता है कि नाखूनों में रंग चड़ जाात है और हाथों का इस्तेमाल हम कईं चीजें खाने के लिए करते हैं इसलिए रंग वाले हाथ आंखों में जा सकते हैं मुंह में जा सकते हैं इसलिए नाखूनों की देखभाल करने के लिए आप होली से पहले नेल पेंट जरूर लगा लें।

# बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं इन्हें कुपोषण एवं क्षय रोग से मुक्त कराना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी : आनंदीबेन

लखनऊ,(यूएनएस)। बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं इन्हें कुपोषण एवं क्षय रोग से मुक्त कराना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। संभ्रान्त लोगों, स्वयंसेवी संस्थाओं, अधिकारियों को अभियान चलाकर क्षय रोग एवं कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनकी समुचित देखभाल करनी चाहिए। ताकि देश को 2025 तक कुपोषण मुक्त किया जा सके। यह बातें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मोहनलालगंज के शेरपुर में खेल एवं पोषण सामग्री वितरण समारोह के दौरान कही। उन्होंने जन सामान्य से भी अपील की कि वे भी अपने राष्ट्र धर्म का पालने करें तथा यदि कहीं पर भी कुपोषित एवं क्षय रोग से ग्रसित बच्चों को देखें तो तत्काल सूचना दें ताकि उन्हे गोद लेकर उनकी समुचित देखभाल हो सके। इससे पूर्व जध्लि की 130 आंगनवाड़ी केन्द्रों को जिला प्रशासन एवं एकेटीयू से सम्बद्ध 26 इंजीनियरिंग कालेजों के सहयोग से खेलकूद, पठन–पाठन एवं पोषण सामग्री के तीसरे व अंतिम चरण में 55 आंगनवाड़ी केन्द्रों में वितरण कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हो गया। राज्यपाल ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम संस्कार,



शिक्षा एवं आरोग्य के लिए समर्पित है। सरकार के द्वारा भी जो गोद भराई के कार्यक्रम कराये जाते हैं उनका एकमात्र यही उद्देश्य होता कि किसी भी दशा में कुपोषित बच्चा पैदा न हो। उन्होंने जनसमुदाय से अपील की कि गर्भवती महिलाओं के पोषण हेतु जो सरकारी 5,000 की सहायता मिलती है उसका उपयोग पोषण के लिए ही करें। इसके साथ ही गर्भावस्था के समय से ही अच्छी शिक्षा एवं संस्कार दें। इस अवसर पर उन्होंने महाभारत के चक्रव्यूह तोड़ने के प्रसंग पर चर्चा के दौरान बताया कि अभिमन्यु ने गर्भ में ही चक्रव्यूह तोड़ने की शिक्षा सीख ली थी। इसलिए यदि हम बच्चों को संस्कारवान बनाना चाहते हैं तो हमें बचपन से बच्चों को कच्चे घड़े की तरह आकार देना होगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने आंगनवाड़ी केन्द्रों का मैपिंग करने का निर्देश दिया ताकि उनमें सभी प्रकार की सूचनाएं दर्ज हो जायें। राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थाओं में तो सभी स्तर की सुविधाएं होती हैं लेकिन निचले स्तर पर ऐसा नहीं है हमें यह खाई पाटनी होगी और हमें अपने आंगनवाड़ी केन्द्रों को रूचिकर एवं बच्चों के लिए सुविधा सम्पन्न बनाना होगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने सहयोग करने वाले समस्त इंजीनियरिंग कालेजों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों के मैपिंग से संबंधित साफ्टवेयर का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभास कुमार, एकेटीयू के कुलपति श्री विनय कुमार पाठक, इंजीनियरिंग कालेजों को अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य, जनप्रतिनिधि आंगवाड़ी केन्द्र की महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

## जबरिया सेवानिवृति, अमिताभ ठाकुर ने सरकार को लिखा पत्र किया सार्वजनिक

लखनऊ,(यूएनएस)। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने अनिवार्य सेवानिवृति के संबंध में 04 दिसंबर 2019 को उत्तर प्रदेश सरकार को लिखे अपने पत्र के कुछ अंश आज सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक किये। पत्र में अमिताभ ने लिखा था कि उन्हें विश्वस्त सूत्रों से बताया गया है कि उनके कथित रूप से असुविधाजनक तथा अप्रिय होने,"मुकदमेबाज" होने, आपराधिक वाद दायर करने अथवा प्रशासनिक कार्यवाही करने की मांग करने के कारण उन्हें अत्यंत उच्चस्तरीय दवाब में अनिवार्य सेवा निवृति देकर नौकरी से अलग करने के उच्चस्तरीय मौखिक निर्देश हुए हैं, जिसका शीघ्र क्रियान्वयन होगा। उन्होंने कहा था कि यदि ऐसा हुआ तो यह घोर अन्यायपरक एवं मनमाना होगा, जिसका उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था में अवांछित कर्मी को अलग करना नहीं बल्कि इस प्रावधान का गलत प्रयोग करते हुए व्यवस्था में ताकतवर स्थानों पर बैठे तमाम व्यक्तियों के लिए असुविधाजनक तथा अप्रिय व्यक्ति को व्यवस्था से अलग करना होगा, जो अनुचित उद्देश्य से संचालित होगा. अमिताभ ने कहा था कि वे किसी भी प्रकार से अवांछित कर्मी नहीं हैं बल्कि यह संभव है कि वे व्यवस्था में बैठे ताकतवर लोगों के लिए असुविधाजनक तथा अप्रिय होवें। उन्होंने अपने ऊपर फर्जी ढंग से विभागीय कार्यवाही शुरू करने तथा उन्हें लम्बे समय तक जानबूझ कर लंबित रखे जाने की बात भी कही थी। आज अपने पोस्ट में अमिताभ ने कहा कि जबरिया सेवानिवृति के संबंध में 04 दिसंबर 2019 को सरकार को लिखा उनका पत्र आज अत्यंत प्रासंगिक दिखता है।

## पीजीआई के होटल में बुधवार को युवक युवती की संदिग्ध हालात में मौत

लखनऊ,(यूएनएस)। सेक्टर 10 पीजीआई के एक होटल में बुधवार को युवक युवती की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। युवक और युवती का शव होटल के कमरे में पड़ा मिला था। आशंका जताई जा रही है कि युवती की हत्या कर युवक ने फांसी लगाई है। पुलिस का कहना है कि शवों की शिनाख्त हो गई है। दोनों मंगलवार शाम को होटल में आए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आत्महत्या करने से पहले युवक ने अपने घरवालों को फोन कर पूरी जानकारी दी थी। उसने युवती की हत्या करने की बात अपने स्वजनों को बताई थी। एसीपी कैंट अर्चना सिंह के मुताबिक रजनी खंड शारदा नगर निवासी शुभम वर्मा सूर्य नगर मानकनगर निवासी दिव्या कन्नौजिया के साथ होटल के कमरे में आया था। दोनों ने आधार कार्ड देकर कमरा बुक कराया था। बुधवार सुबह करीब नौ बजे वेटर ने दरवाजा खटखटाया तो कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद वेटर ने होटल के मैनेजर गौरव सिंह को इसके बारे में जानकारी दी। गौरव ने भी दरवाजे पर कई बार आवाज दी, लेकिन शुभम और दिव्या ने कोई जवाब नहीं दिया। संदेह होने पर होटल के मैनेजर ने डायल 112 पर फोन किया। इसके बाद पुलिस वहां पहुंची। कमरे का दरवाजा खोलकर पुलिसकर्मी भीतर दाखिल हुए, जहां शुभम और दिव्या मृत पाए गए। आशंका जताई जा रही है कि युवती की हत्या के बाद युवक ने फांसी लगा ली थी। दिव्या के गले पर चोट के निशान मिले हैं वहीं, शुभम दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटका था। पुलिस ने शुभम और दिव्या के घरवालों को घटना की जानकारी दे दी है। एसीपी कैंट घटना स्थल पर छानबीन कर रही हैं।

## कोविड–19 प्रोटोकाल के साथ सेंट्रल बार एसोसिएशन में मतदान

लखनऊ,(यूएनएस)। सेंट्रल बार एसोसिएशन के नौ पदों पर 121 प्रत्याशियों के लिए बुधवार सुबह नौ बजे से मतदान शुरू हो गया। मतदान निष्पक्ष और सही ठंग से कराने के लिए 100 से अधिक सीसी कैमरे लगाए गए हैं। मदतान बायोमेट्रिक प्रक्रिया से हो रहा है। एल्डर कमेटी के चेयरमैन गोपाल नरायाण मिश्र की निगरानी में पांच सदस्यीय टीम मतदान करा रही है। मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता उपेंद्र कुमार सिंह को बनाया गया है। शुरू में मतदान की स्थिती धीमी रही पर 10 बजे के बाद से रफ्तार बढ़ी। करीब पांच हजार अधिवक्ता मददान करेंगे। सुबह मतदान शुरू होने के दौरान एडीसीपी पश्चिम राजेश कुमार श्रीवास्तव ने मतदान स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान एसीपी चौक आईपी सिंह व भारी पुलिस बल मौजूद रहा। सुरक्षा के लिहाज से दो कंपनी पीएसी और भारी पुलिस बल लगाया गया है। एडीसीपी पश्चिम राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मतदान के दौरान सभी मतदाताओं और प्रत्याशियों को कोविड–19 प्रोटोकाल का पूरा पालन करना होगा। पूरी मतदान प्रक्रिया में दो गज की दूरी और मास्क जरूरी होगी। मतदान स्थल पर सैनिटाइजर की पूरी व्यवस्था की गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को मतगणना इलेक्ट्रानिक मशीन से की जाएगी। मतगणना सेंट्रल बार एसोसिएशन के हॉल में होगी। मतगणना के दौरान भी प्रत्याशियों को शारीरिक दूरी का पूरी तरह से पालन करना होगा।

## मिर्ची और प्रिंस पाइप्स ने किया वर्ल्ड प्लंबिंग डे पर पलंबर्स के जज्बे को सलाम

लखनऊ,(यूएनएस)। मिर्ची और प्रिंस पाइप्स ने वर्ल्ड प्लंबिंग डे पर भारत भर में पलंबर्स के जोश और जज्बे को सेलिब्रेट किया. 2020 में महामारी के कारण लगाए गए लॉकडाउन में दिहाड़ी पर काम करने वाले मजदूर बुरी तरह प्रभावित हुए।

# मुख्यमंत्री योगी बोले– पीएम मोदी का सपना 2025 तक टीबी मुक्त हो देश अपना

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व क्षय रोग दिवस पर सीतापुर में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना 2025 तक हमारा देश टीबी से मुक्त हो जाए। उनके इस सपने को पूरा करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा जिस तरह से हमने अन्य बीमारियों को हराया है, उसी तरह से टीबी को भी हराना है। वह जिले के कमलापुर स्थित विद्याज्ञान स्कूल में आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल




पर कदम रखते ही यहां पहले से मौजूद जिले की प्रभारी मंत्री स्वाति सिंह व सभी विधायकों ने खड़े होकर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। उनके आगमन से तालियों की गड़गड़ाहट से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यहां से उन्होंने 21 जिलों के ड्रग वायर हाउस का शुभारंभ किया और डिजीटल एक्सरे मशीन की रिमोट दबाकर शुरुआत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्व क्षय पर लखनऊ में कार्यक्रम न करके सीतापुर को इसलिए चुना गया कि ये जिला राजधानी से सटा हुआ है। इस दौरान प्रदेश के स्वास्थ मंत्री, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य, एडीजी एसएन सांबत, आईजी रेंज, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, विधायक हरगांव सुरेश राही, डीएम विशाल भारद्वाज, एसपी आरपी सिंह मौजूद रहे।



उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद में एक युवक को रस्सी से बांधकर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कई महिलाएं और पुरुष युवक को रस्सी से घसीटते हुए नजर आ रहे हैं। एसएसपी अजय साहनी ने इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

# अमीनाबाद में प्लास्टिक की दुकान–गोदाम, दो ज्वैलरी समेत चार दुकानें जल कर खाक

लखनऊ,(यूएनएस)। अमीनाबाद के गड़बड़झाला बाजार में स्थित दुकानों से बुधवार सुबह करीब छह बजे धुंआ और आग की लपटें निकलते देख लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी आनन फानन दमकल को दी। दमकल कर्मियों ने आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों की मदद से करीब तीन घंटे में आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से एक प्लास्टिक की दुकान–गोदाम, दो ज्वैलरी समेत चार दुकानें जल गईं। अतिव्यस्त अमीनाबाद की गड़बड़झाला मार्केट में संजीव जैन की जैन प्लास्टिक के नाम से दुकान है। उनके पड़ोस में ही फहद की गोल्ड पैलेस के नाम से ज्वैलरी की दुकान है। बुधवार सुबह दोनों



दुकानों से भीषण धुंआ और आग की लपटें निकलती देख आस पड़ोस के लोग दौड़े। उन्होंने पानी फेंककर आग पर काबू पाने का प्रयास किया और पुलिस व दमकल को सूचना दी। देखते–देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस बीच आग की चपेट में पड़ोस स्थित सुरेश साहू और महेश साहू की साहू पापड़ की दुकान एवं अजय अग्रवाल की जीसी ज्वैलर्स शॉप भी आग की चपेट में आकर जलने लगे। सूचना पाते ही मौके पर हजरतगंज, चौक के फायर कर्मी और सीएफओ विजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। फायर कर्मियों ने वाटर मिस्ट टेंडर से आग पर काबू पाना शुरू किया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। इंस्पेक्टर अमीनाबाद ने बताया कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। सिर्फ प्लास्टिक की दुकान–गोदाम, पापड़ की दुकान, गोल्ड पैलेस ज्वैलरी शॉप ज्यादा जली है। वहीं, जीसी ज्वैलर्स में आग से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। प्लास्टिक दुकान और गोदाम में अग्निकांड के दौरान दमघोंटू धुंआ चारों तरफ फैल गया। इसलिए एहतियातन आस पड़ोस के मकान खाली कराए गए। लोगों को घरों से बाहर बुला लिया गया। जिससे धुंए के कारण उन्हें दिक्कत न हो। सीएफओ ने बताया कि प्लास्टिक आग के कारण पिघल रही थी। जिससे बहुत काला धुंआ निकल रहा था। दमकल कर्मियों को भी आग पर काबू पाने में काफी दिक्कतें हुईं। गोदाम में प्लास्टिक का माल ठसाठस भरा था। वहां पर कोई भी फायर उपकरण नहीं थे। गोदाम और दुकान एक ही इमारत में थी। जिससे काफी दिक्कतें हुई। होली के त्योहार के कारण दो दिन पहले ही प्लास्टिक दुकानदार ने माल भी मंगवाया था। इंस्पेक्टर अमीनाबाद ने बताया कि गोल्ड ज्वैलरी शॉप और प्लास्टिक की दुकान के बीच में एक बिजली का खंभा है। लोगों का कहना है कि सुबह खंभे पर बंदर थे और तार हिला रहे थे। जिससे शार्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। हालांकि आग लगने के मूल कारणों की जांच की जा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## अपना दल के दर्जनों कार्यकर्ता सपा में शामिल

लखनऊ, (यूएनएस)। समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में निष्ठा जताते हुए आज जनपद मिर्जापुर के अपना दल के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने उन्हें समाजवादी पार्टी में शामिल किया। अपना दल के कार्यकर्ताओं को समाजवादी पार्टी में शामिल कराने में मिर्जापुर के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रभात सिंह पटेल की मुख्य भूमिका रही है। अपना दल छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल होने वालों में सरोज सिंह पटेल, पूर्व प्रत्याशी जिला पंचायत सीखड़ वार्ड, दिनेश सिंह पटेल पूर्व जिलाध्यक्ष अपना दल तथा मुरारी पटेल, रामजी पटेल, केशव प्रसाद, मनोज कुमार, दिनेश, सतेन्द्र सिंह, विनोद, राम नरेश तिवारी, मुन्नी लाल निषाद, मनोज सिंह, शिवकुमार सिंह, अशोक शर्मा, प्रमोद सिंह, शंकर यादव, अभीत सिंह, राजन गुप्ता, महेन्द्र सोनकर, राजेन्द्र कन्नौजिया, अरविन्द गौंड, कमलेश पटेल, राजू आदि प्रमुख है।

## याद किए गए बलिदानी सपूत

लखनऊ, (यूएनएस)। आज शहीद भगत सिंह राजगुरु और वीर सपूत सुखदेव जी के बलिदान दिवस पर अखंड भारत व्यापार मंडल और चौक समन्वय समिति ने चौक स्थित ज्योतिबा फूले पार्क में श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक अभिषेक खरे अंशु ने बताया कि प्रत्येक वर्ष इनकी याद में वाहन रैली का आयोजन किया जाता था जो इस बार कोरोन संक्रमण के कारण स्थगित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद देश भक्ति के गीतों से सराबोर रहा कार्यक्रम ए मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी गीत ने सभी लोगों की आंखें नाम कर दी कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया विधायक सुरेश श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा जीने वीर सपूतों को पुष्प अर्पित किए इन लोगों ने कहा देश की आन बान और शान की खातिर युवावस्था में ही यह वीर फांसी के फंदे को चूमते हुए बलिदान हो गए आज हम लोगों के ऊपर यह दायित्व है देश का सिर हमेशा ऊंचा रहे सदैव की तरह भारत पूरे विश्व में गुरु की भूमिका निभाई हम सबको अपना अपना कर्तव्य और दायित्व समझ कर देश की उन्नति के लिए कार्य करना चाहिए बलिदान दिवस पर मुख्य रूप से लखनऊ व्यापार मंडल लखनऊ युवा व्यापार मंडल श्री शुभ संस्कार समिति के सदस्यों ने भी भागीदारी करी कार्यक्रम के उपरांत शहीदों की याद में एक मशाल जुलूस चौक चौराहे तक गया और उस स्थान पर शहीदों की स्मृति में दीपदान भी किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से लखनऊ व्यपार मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल,छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, लक्ष्मी कांत पांडे, अनिल कपूर, अतुल गुप्ता ,विनोद माहेश्वरी, डॉ राम कुमार वर्मा, मनीष गुप्ता ,रिद्धि किशोर गौड़ ,हर प्रसाद अग्रवाल ,संजीव अग्रवाल, आशु महेंद्रु, शालू टंडन, दीपू खत्री ,आदिश जैन ,गोविंद शर्मा ,ओम दीक्षित , विष्णु त्रिपाठीअजीत अग्रवाल, मुदित कपूर, धीरेंद्र श्रीवास्तव, विजय रस्तोगी ,सुमित गुप्ता आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## महापौर को सौपा ज्ञापन

लखनऊ, (यूएनएस)। महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान के नेतृत्व में आज नगर निगम जोन 7 के कार्यालय के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ महापौर संयुक्ता भाटिया का घेराव किया।घेराव के समय कार्यकर्ता नारा लगा रहे थे की नगर निगम में लूट बंद करो, महापौर जनता पर अत्याचार बंद करो। श्री चौहान ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ महापौर संयुक्ता भाटिया को ज्ञापन सौंपकर या मांग की कांग्रेस सरकार में जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत सीवर एवं पेयजल की लाइन जो बिछाई गई थी तब से बिल भेज कर वसूला रहा है उस पर तत्काल रोक लगाई जाए और यह मांग भी की हाउस कनेक्शन देते समय जो फॉर्म भरवाए गए थे तब से उन उपभोक्ताओं को बिल भेजा जाए, फर्जी बिल भेज कर जनता को प्रताड़ित न किया जाए। श्री चौहान ने बताया महापौर द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द ही संबंधित अधिकारी को निर्देश जारी कर दिए जाएंगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से रघुवीर सिंह परिहार, ठाकुर प्रसाद, राजू गौतम, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सपा ने डॉ. राममनोहर लोहिया की 111वीं जयंती मनाई

लखनऊ, (यूएनएस)। समाजवादी पार्टी के लखनऊ स्थित राज्य मुख्यालय एवं प्रदेश के सभी जनपदों में पार्टी कार्यालयों में आज प्रखर समाजवादी नेता डॉ0 राममनोहर लोहिया की 111वीं जयंती मनाई गई। लखनऊ में मुख्य कार्यक्रम लोहिया पार्क स्थिति डॉ0 लोहिया की आदमकद प्रतिमा पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गयी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रखर समाजवादी चिंतक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं महान विचारक डॉ0 लोहिया की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन करते हुए कहा कि देश की आजादी मिलने के करीब 14वर्षो बाद गोआ को भारत का हिस्सा बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले समाजवादी महानायक लोहिया का हर देशवासी हमेशा कृतज्ञ रहेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि आज ही भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव का भी बलिदान दिवस है। डॉ0 लोहिया ने उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करने हेतु कभी अपना जन्म दिन नहीं मनाया था। भगत सिंह और डॉ0 लोहिया दोनों समाजवाद के प्रति निष्ठा रखते थे। देश का भविष्य समाजवादी विचारधारा से जुड़ा है। श्री यादव ने कहा कि देश को आजादी के लिए लाखों लोगों ने अपना जीवन कुर्बान किया था। भगत सिंह ने देश में आजादी की नई तरह की क्रांति पैदा की। उससे देश का नौजवान जाग गया। वे अन्याय के खिलाफ जेल में भी लड़े। उनका योगदान देश के इतिहास में अमर है। अखिलेश यादव ने कहा कि डॉ0 राम मनोहर लोहिया जाति और साम्प्रदायिकता के खिलाफ, मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण और अन्याय के खिलाफ हमेशा संघर्षरत रहे। उन्होंने सप्तक्रांति का जो दर्शन दिया विश्व के लिए वह आज भी अनुकरणीय और प्रासंगिक है। आज के पुष्पांजलि कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद अहमद हसन, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, पूर्व मंत्री बलवंत सिंह रामूवालिया एवं आर. के. चौधरी, आर.पी. निरंजन, सुशील दीक्षित, जयसिंह जयंत, दिग्विजय सिंह देव, डॉ0 रामकरन निर्मल, अनुराग यादव, अनीत राजा, इसरार सिद्दीकी, विजय सिंह, राम सागर यादव, मुकेश शुक्ल, मुजीबुर्रहमान बबलू, रामशंकर यादव, डॉ0 फिदा हुसैन अंसारी, डॉ0 आशुतोष वर्मा, राजकुमार मिश्र, सर्वेश अम्बेडकर, एस.के. राय, मनीष सिंह, देवेन्द्र सिंह जीतू, नवीन धवन बंटी, व्यास जी गोंड, डॉ0 हरिश्चन्द्र यादव, ओपी यादव, आर.एस. यादव, संजय यादव, किन्नर सोनम चिश्ती, शर्मिला महाराज, सर्वेश यादव, अब्दुल नसीर नासिर, मधुलिका यादव, किरन पाण्डेय, प्रीति तिवारी, अजरा, मधुर सिंह, शिवम् कृष्णा, मिथलेश यादव, निशा मिश्र, रूबी, कौशिकी तिवारी, सदफ, नीतू खुराना आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर कृष

**– क्षय रोगियों में पोषक आहार का निरंतर किया जा रहा वितरण**

**– विश्वविद्यालय द्वारा क्षयरोगियो को वितरित किया गया पोषक आहार**

अमित रेखा अजय कुमार सिंह

कुमारगंज अयोध्या। आज विश्व क्षय रोग दिवस पर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा क्षय रोगियों को पोषक आहार का वितरण किया गया ।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में टीबी रोग के मरीजों को रोग से संबंधित जानकारी, उपचार एवं रोगियों को पोषक तत्व उपलब्ध कराए जाने का कार्यक्रम पूर्व से ही आयोजित किया जा रहा है । विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अनुमान के अनुसार विश्व में 2 अरब से ज्यादा लोगों को लेटेंट ( सुप्त) टी बी संक्रमण है । सक्रिय टीबी की बात की जाए तो इस अवस्था में टीबी का जीवाणु शरीर में सक्रिय अवस्था में रहता है तथा यह स्थित व्यक्ति को बीमार बनाती है। सक्रिय टीबी का मरीज दूसरे स्वस्थ व्यक्तियों को भी संक्रमित कर सकता है। इसके लिए सक्रिय टीबी के मरीजों को चाहिए कि अपने मुंह पर मास्क या कपड़ा लगाकर बात करें और मुंह पर हाथ रखकर खासना और छींकना चाहिए। डॉ सिंह के निर्देश के क्रम में आज विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के खाद्य विज्ञान व पोषण विभाग तथा परिसर में स्थित चिकित्सालय द्वारा अधिष्ठाता डॉ नमिता जोशी डॉ स्वाति ,मिथलेश आदि के नेतृत्व में कैंप लगाकर पूर्व में चयनित 20 क्षय रोगियों को क्षय रोग की जानकारी, बचाव एवं पोषक आहार का वितरण किया गया । विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि क्षय रोगियों को पिछले कई महीनों से ,महीने में दो बार 15 दिन के अंतराल पर पोषक आहार का वितरण विश्वविद्यालय द्वारा किया जाता है । कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने कहा कि क्षय रोग की तेजी से पैर पसारने की मुख्य वजह गरीबी व जागरूकता की कमी है । गरीबी की वजह से लोग पोषक तत्वों से युक्त भोजन नहीं कर पाते, इससे प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती हैं, इसके अलावा नशे का आदी हो जाने के कारण प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है और क्षयरोग के शिकार हो जाते हैं ।ऐसे में छय रोग के मरीजों को पोषक तत्वों के सेवन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी



कहा कि इस कार्यक्रम को भविष्य में निरंतर विश्वविद्यालय के सहयोग से करते रहेंगे । विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ नमिता जोशी, खाद्य विभाग व पोषण विभाग की डॉ स्वाति शुक्ला ने रोगियों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी, संतुलित आहार के साथ–साथ भोजन में ऊर्जा व प्रोटीन युक्त पदार्थों को अधिक मात्रा में सेवन करने की सलाह दी ।उन्होंने बताया कि इस रोग में अधिकांशतरू भूख समाप्त हो जाती है , अतः उन्हें हर 2 घंटे के अंतराल पर खाद्य पदार्थों का सेवन करते रहना चाहिए ।क्षय रोगियों को घर का बना पौष्टिक आहार जैसे पनीर ,अंडा ,मिश्रित दलिया, दालें , मूंगफली की बर्फीध लड्डू, बेसन के लशड्डू, चिक्की, केला आंवला, पपीता, सहजन ,आम , हरी व मौसमी सब्जियों का सेवन अधिक से अधिक मात्रा में करना चाहिए।

# देवरिया जिले के बरह्ज क्षेत्र में बिनावपुरी गांव के समीप एक शव मिला

अमित रेखा दिनेश गुप्ता

भटनी देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद के बरहज



क्षेत्र में बिनावपुरी गांव के समीप बुधवार की सुबह एक शव उतराता हुआ मिला। जिसे देख कर लोगो ने शोर मचाया। जिससे वहा स्थानीय लोग पहुचे। सूचना देने पर पहुची पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से शव को बाहर निकलवाया। जिनकी पहचान एक प्राइवेट स्कूल प्रबंधक के रूप में हुई। जिनका नाम राममिलन यादव पुत्र स्व. चांद यादव के रूप में हुई जो खोड़ा गांव के रहने वाले है। बुधवार की सुबह बिनवारी गांव के लोग नदी की ओर गए तो वहाँ एक उतराता हुआ शव दिखा ।नदी में शव मिलने की जानकारी होने पर खोड़ा निवासी ध्रुवनारायण ने उसकी पहचान अपने पिता राममिलन यादव के रुप में किया ।पति के मौत की जानकारी होने पर पत्नी मालती देवी दहाड़ें मारने लगीं। परिजनों का कहना है कि मंगलवार को राममिलन किसी काम से देवरिया जाने की बात कहकर निकले थे। हालांकि उनके मौत को लेकर लोग तरह–तरह की चर्चा कर रहे थे। इंस्पेक्टर जयंत कुमार सिंह ने बताया कि शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है। बता दें कि बिनवापुरी गांव के निकट राप्ती नदी में शव उतराता देख आसपास के लोग भी जमा हो गए। पुलिस के अथक प्रयास के बाद भी शव का शिनाख्त नहीं हो पा रहा था ।नदी तट पर आए कुछ लोगों ने शव की जानकारी फेसबुक आदि सोशल मीडिया पर वायरल किया। जिसके जरिए जानकारी होने पर पुत्र ध्रुवनारायण ने शिनाख्त किया। राममिलन के मिले शव को लेकर लोग पशोपेश में थे। कोई आर्थिक तंगी, कर्ज तो कोई कुछ और ही बयां कर रहा था।

# खेलों से युवाओं का होता है सर्वांगीण विकास गोरखनाथ बाबा

**– वॉलीबॉल में हरदोइया की टीम बनी विजेता**

अमित रेखा मिल्कीपुर अयोध्या। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र अयोध्या द्वारा संचालित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को हुआ। मुख्य अतिथि विधायक गोरखनाथ बाबा विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि जनार्दन मौर्य ने विजेता व उपविजेता टीमों को शील्ड एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गोरखनाथ बाबा ने कहा कि खेलों से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है विद्यालयों के साथ–साथ अभिभावकों को भी बच्चों को खेलों की तरफ प्रेरित करना चाहिए ग्रामीण खेलों से स्कूली छात्र छात्राओं की प्रतिभा में निखार आता है ग्रामीण खेलों का आयोजन निरंतर होते रहने से ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों



को भी आगे जाने का अवसर मिल जाता है। इसके पूर्व सोमवार को श्री दरबारी लाल महाविद्यालय कलुवामऊ के प्राचार्य आशीष कुमार श्रीवास्तव ने खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। श्री दरबारी लाल महाविद्यालय कलुआमऊ में मिल्कीपुर ब्लाक की आयोजित खेल प्रतियोगिता में कबड्डी, खो–खो, ऊंची कूद, लंबी कूद, एवं वालीबॉल, में बालक व बालिका वर्ग की टीमों ने प्रतिभाग किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता हरदोई की टीम ने जीता उपविजेता कीन्हूपुर की टीम बनी। कबड्डी के बालिका वर्ग में मुहलारा की टीम ने फाइनल मुकाबला जीता उपविजेता सराय धनेठी की टीम रही। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में मीना ने प्रथम कमलेश में द्वितीय ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर की दौड़ में शशि शुक्ला ने प्रथम रिंकी यादव ने द्वितीय आंचल यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में आशीष ने प्रथम मनीष ने द्वितीय संदीप कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 200 मीटर की दौड़ में आदित्य ने प्रथम मनोज ने द्वितीय श्याम जी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की खो–खो प्रतियोगिता दत्थ्ती का पुरवा ने जीता विजेता अंजरौली की टीम रही। इस मौके पर विधायक के निजी सचिव महेश ओझा, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र अयोध्या विकास कुमार सिंह, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक,अमित कुमार यादव, दुर्गेंद्र प्रताप सिंह यूथ क्लब अध्यक्ष चितौरा, अरुण द्विवेदी, राकेश प्रताप सिंह, उमा नाथ पांडे, योगेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## तेज पछुआँ हवाँ में गैस सिलेंडर से लगी आग

**– अग्निशमन दस्ता मौके पर पहुंचकर किया आग परकाबू**

अमित रेखा – कृष्णा यादव

तरया सुजान – कुशीनगर। जनपद के थाना तरया सुजान क्षेत्र अंतर्गत गांव हरिहरपुर में बुधवार को दोपहर लगभग 1बजे बशीर अहमद के घर गैस सिलेंडर जलाते ही आग लग गई उस



समय तेज पछुआँ हवाँ का झकोरा था तत्काल ग्रामीणों ने 112 नंबर पर पुलिस को फोन किया तत्काल मौके पर पहुंचकर पुलिस ने अग्निशमन दस्ता को फोन किया साथ ही पुलिस चौकी तमकुही राज को जानकारी दी मौके पर पुलिस चौकी प्रभारी सुनील सिंह मैं फोर्स के साथ अग्निशमन दस्ता को बुलाकर आग पर काबू पाया इस अग्निकांड में उसके घर बाल बाल बच गए किसी की जान माल की हताहत होने की कोई खबर नहीं है सुरक्षित तरीके से गैस सिलेंडर के आग को अग्निशमन दस्ता ने बुझा दिया इस समय पछुआ हवा तेजगति सेचलं रही है आग लगने की काफी संभावनाएं बढ़ती जा रही है इस क्षेत्र में फूसके घर जयादे हैं ग्रामीणों को भी सतर्क रहने कीभी जरूरत है गरीब व्यक्ति खेतों से काम करके लौटने के बाद प्रायरूदोपहर में भोजन बनाकर अक्सर खाते पीते हैं ऐसी स्थिति में प्रशासन को भी चौकन्ना रहने की जरूरत है पुलिस की मुस्तैदी से आग पर काबू पाने की सराहना आम लोगों की जुबान पर थी।

## सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर सप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया

अमितरेखा–परवेज आलम

हतवा भटनी देवरिया। आज दिनाँक 24 –3– 2021 को विकास खण्ड भटनी में प्रदेश सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर सप्ताहिक कार्यक्रम के तहत श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों का पंजीयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस



कार्यक्रम की अध्यक्षता भटनी भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्री योगेश प्रजापति जी ने की ।और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शेषनाथ मिश्र जी रहें।श्रम विभाग के कर्मचारी श्री प्रबल प्रताप सिंह जी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई ।इस कार्यक्रम में उपस्थित श्री उपेन्द्र त्रिपाठी जी मण्डल अध्यक्ष बैकुंठपुर,रामेश्वर पाण्डेय जी,श्री हितेन्द्र तिवारी जी,विनोद दीक्षित जी, श्री हरिहर पासवान जी,आदि सम्मानित वक्ताओं द्वारा प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बारी बारी से बताया गया ।इस कार्यक्रम के संचालन कर्ता मण्डल महामंत्री श्री शैलेंद्र कुमार मिश्रा जी रहें।कार्यक्रम में विकास खण्ड भटनी के खण्ड विकास अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय जी व कर्मचारी गण एवम श्रमिक मजदूर उपस्थित रहे।

## दीवानी में रहेगा 30 मार्च को रहेगा अतिरिक्त अवकाश-जनपद न्यायाधीश

अमित रेखा देवरिया ब्यूरो। जनपद न्यायाधीश रविनाथ ने बताया है कि आगामी 30 मार्च को अतिरिक्त अवकाश रहेगा। इस दिन दीवानी न्यायालय के समस्त न्यायालय व अधीनस्थ कार्यालय बन्द रहेगें। उन्होने बताया है कि मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों प्रयोगार्थ निर्गत कैलेन्डर वर्ष 2021 में होली अवकाश 28 मार्च को दिन रविवार को सार्वजनिक अवकाश में पड जाने के कारण मा0 उच्च न्यायालय द्वारा यह व्यवस्था दी गयी है कि यदि कोई राष्ट्रीय या अन्य अवकाश द्वितीय शनिवार या रविवार को पडता है तो इसकी एवज में अतिरिक्त अवकाश घोषित किया जा सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में सचिव डिस्ट्रिक्ट बार एशोसिएशन सिविल कोर्ट देवरिया द्वारा 30 मार्च को अतिरिक्त अवकाश हेतु प्रस्ताव दिया गया है। मा0 उच्च न्यायालय के दी गयी व्यवस्था एवं प्राप्त प्रस्ताव के क्रम में दिनांक 30 मार्च मंगलवार को अतिरिक्त अवकाश घोषित किया गया है।

## कुचायकोट थाना क्षेत्र बलथरी चेक पोस्ट पर वाहन जांच

**– जांच के दौरान एक लग्जरी कार में 1411 बोतल अंग्रेजी शराब किया जप्त**

अमित रेखा – संतोष पाठक

कुचायकोट – गोपालगंज। जनपद के कुचायकोट स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के एनएच 27 पर बलथरी चेक पोस्ट के पास वाहन जांच के दौरान एक लग्जरी कार से 1411 बोतल अंग्रेजी



शराब जप्त किया। इस कार्रवाई में पुलिस ने कार चालक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया । कुचायकोट थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम बलथरी चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच कर रही थी। इस क्रम में उत्तर प्रदेश के तरफ से आ रहे एक सफारी कार को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई तो कार से 1411 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। इस कार्रवाई में पुलिस ने कार चालक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया गया ।गिरफ्तार कार चालक मुजफ्फरपुर जिले के करजा थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी रामबाबू झा बताया जाता है ।पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## चौक निर्मित हास्पीटल व सोनाडी देवी मन्दिर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी गण

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महाराजगंज। जिलाधकारी ने मुख्यमंत्री के आगामी कार्यक्रम



के अन्तर्गत गोरखपीठादिस्वर महंत अबैदनाथ महाविद्यालय चौक बाजार के प्रांगण का निरिक्षण क्र जानकारी ली इसी के क्रम में सोनारी माता मंदिर का भी निरीक्षण किया और मंदिर के एक भवन का भी निरीक्षक किया और निर्देश दिया की इस भवन के काम को जल्द से जल्द पूर्ण करे इसी क्रम में गोरखनाथ मंदिर चौक के मल्टी पर्पज हाल और छावनी का भी निरिक्षण किये और साफ सफाई के भी निर्देश दिए।

## अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान जारी 40 लीटर शराब के साथ एक को बृजमनगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमित रेखा – दुर्गेश कुमार यादव

धानी – महराजगंज। जनपद महराजगंज के पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता द्वारा चलाया जा



अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण अभियान और पंचायत चुनाव व होली को दृष्टिगत रखते हुए अवैध शराब निष्कर्षण व बिक्री के संबंध में चलाए जा रहे अभियान में आज बृजमनगंज पुलिस को एक और कामयाबी हाथ लगी ग्रामसभा पुरंदरपुर टोला मुडेरिया थाना बृजमनगंज में दबिश दी गई दबिश के दौरान अवैध शराब निर्माण करते हुए राकेश पुत्र बुद्धू निवासी पुरंदरपुर टोला मुडेरिया थाना बृजमनगंज जनपद महाराजगंज के कब्जे से शराब बनाने के उपकरण व 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुआ तथा 10 कुंतल लहन भी बरामद हुआ लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया तथा अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 94 ध 21 धारा 60 (1)ङ 60(2) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त जानकारी थानाध्यक्ष बृजमनगंज कमलेश प्रताप सिंह ने मीडिया को बताया।

## महर्षि श्री दास जी महाराज ने अहिल्या उद्धार व श्री राम विवाह की कथा का कराया रसपान

अमित रेखा – अरविंद कुमार तर्कशील

जंगल नौगांवा – कुशीनगर। जनपद के दुदही विकास खण्ड के ग्राम पंचायत बैकुंठपुर कोठी धाम शिव मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथा वाचक महर्षि श्री दास जी महाराज ने अहिल्या



उद्धार व श्री राम विवाह की कथा का रसपान कराया। कथा प्रसंग मेंश्रीदास जी ने कहा कि धनुष भंग का दूसरा भाव अंधकार भंग है। भगवान राम ने धनुष तोड़ कर मौजूद सभी आतताई व मदमस्त राजाओं के अहंकार को भंग किया। कथा के पूर्व यज्ञ कमेटी के व गांव के लोगों द्वारा धूमधाम से श्री राम की बारात निकाली गई ।जो पूरे नगर का भ्रमण कर पुनरू शिव मंदिर पर पहुंची जहां वैदिक रीति रिवाज से श्री राम जानकी का विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में नर नारी भगवान राम के विवाह का प्रसंग सुन झूमते रहे। इस दौरान विश्व सनातन संघ धर्म प्रचार प्रसार मंडल अयोध्या धाम के तत्वाधान में विश्व सनातन संघ के योद्धा सुग्रीम प्रधान, पारस राय,डाक्टर उमेश मद्धेशिया प्रधान प्रत्याशी, जय शंकर निषाद प्रधान प्रत्याशी शिव जी गुप्ता, राममिलन प्रसाद, रमेश चंद कुशवाहा जिला पंचायत पद प्रत्याशी , डॉक्टर मुख्तार ,अहमद अशोक कुमार सिंह पत्रकार ,शुभम राय ,रिनय राय, दिनेश मद्धेशिया ,दिलीप मद्धेशिया ,भोला मद्धेशिया, सुखल ठाकुर, सिंहासन गिरी, अजय मद्धेशिया ,गुड्डू गुप्ता, धर्मेंद्र तिवारी ,अशोक मद्धेशिया, संध्या कश्यप, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## त्योहार व पंचायत चुनाव को लेकर जिलाधिकारी एवं एसपी ने जारी की गाइडलाइन

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महाराजगंज। जिलाधिकारी डॉ उज्जवल कुमार और पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में होलसेल और फुटकर मदिरा विक्रेताओं के साथ बैठक हुई।



जिलाधिकारी ने बताया कि अगर आपके गांव के आस पास कोई बिना लाइसेंस मदिरा बेच रहा है तो आप लोग उसकी जानकारी आबकारी विभाग या पुलिस प्रशासन को दे लोगों ताकि वहां पर छापा मारकर उसे तत्काल रोक लगाया जाए जिलाधिकारी ने सभी विक्रेताओं को अवगत कराया कि आप लोग यह भी देखें कि जो आपके साथ सप्लाई जा रही है ठीक आ रही है और आपके पास से जो जा रही है वह भी ठीक जा रही है कि नहीं शासन द्वारा जो सीमा निर्धारित की गई है उसके निर्देश का पालन कर मानक का अनुपालन करें पुलिस अधीक्षक ने बताया कि देसी अंग्रेजी और बीयर को किसी को स्टार्ट में रखने के लिए न दे पंचायत चुनाव में शराब का प्रचलन होता है। होली के त्यौहार में भी लोग स्टॉक करते है आपको बहुत ही सावधान रहना है जिलाधिकारी ने कहा कि दुकान पर सीसी टीवी कैमरा लगवाये और रेटलिस्ट भी रखे और जो भी नियम है उसका पालन करे।

## बृजमनगंज रोजगार मेले में नहीं दिखी कंपनियां मायूस होकर लौटे नवयुवक

अमित रेखा अखिलेश शर्मा

फरेंदा महराजगंज। जनपद महाराजगंज स्थित बृजमनगंज ब्लॉक पर आज रोजगार मेले का आयोजन किया गया है परंतु इस आयोजन में सिर्फ एक स्टाल श्रम विभाग फरेंदा द्वारा पंजीकरण हेतु लगाया गया है और इसके अतिरिक्त कोई भी भर्ती कंपनी यहां नहीं पहुंची है जिसके कारण काफी नवयुवक मायूस महसूस कर रहे हैं बताते चलें कि पिछले दिनों विज्ञापन के माध्यम से प्रदेश स्तर पर सभी ब्लॉकों में रोजगार मेले का आयोजन किया जाना था जिसमें 16 वर्ष से आयु के ऊपर के नव युवक एवं युवतियां रोजगार मेले में आवेदन कर सकते तथा साथ ही उनका पंजीकरण सेवायोजन कार्यालय में होना अनिवार्य है आज जब सुबह 11:00 बजे मीडिया बृजमनगंज ब्लॉक पर पहुंची तो सिर्फ श्रम विभाग का एक स्टाल लगा हुआ था रोजगार मेले में श्रम विभाग द्वारा स्टाल लगाकर श्रमिकों का फार्म भरा जा रहा है श्रम विभाग ऑफिस फरेंदा से आए हुए बाबू आर के यादव उनके द्वारा रोजगार कैंप लगाया गया है अभी तक 2 फार्म भरे जा चुके हैं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय

सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव

प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो०– 9792617070

विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी

प्रबंधक– निखिल कुशवाहा

ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगें।